छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची

दिसम्बर, 2017 सत्र

गुरुवार, दिनांक 21 दिसम्बर, 2017

तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला कोरबा के अंतर्गत चैतुरगढ़ में नलजल योजना की स्वीकृति

1. (*क्र. 445) **श्री केशव चन्द्रा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली अंतर्गत धार्मिक स्थल चैतुरगढ़ में स्वीकृत नलजल योजना की प्रशासकीय स्वीकृति कब एवं कितने राशि की दी गई ? स्वीकृत राशि के विरूद्ध 31.10.2017 तक कितनी राशि व्यय की गई है ? (ख) क्या उक्त योजना पूर्ण की जा चुकी है ? यदि हां तो उक्त योजना से दर्शनार्थियों को पानी कब तक प्राप्त होगा ? (ग) क्या उक्त योजना में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली अंतर्गत धार्मिक स्थल चैतुरगढ़ में स्वीकृत नलजल योजना की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 22.04.2008 को राशि रु. 19.60 लाख की दी गई है. स्वीकृत राशि के विरूद्ध दिनांक 31.10.2017 तक रु. 28.71 लाख की राशि व्यय की गई. (ख) जी नहीं. निश्चित अवधि बताया जाना संभव नहीं. (ग) जी हां, कलेक्टर कोरबा के कटघोरा नगर में आयोजित विकासखंड स्तरीय जनदर्शन कार्यक्रम में उक्त योजना में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है. योजना में हुई अनियमितता की जांच कर दिनांक 20.10.2016 को जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कोरबा एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित की गई एवं दिनांक 08.06.2017 को थाना पाली, जिला कोरबा में दोषी अधिकारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना प्रतिवेदन दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है.

दुर्ग जिले में स्थित पुलिस चौकियों का उन्नयन

2. (*क्र. 377) **श्री विद्यारतन भसीन :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में अक्टूबर 2017 तक कुल कितनी पुलिस चौकी हैं ? इनमें से कितनी पुलिस चौकी का उन्नयन कर थाने का दर्जा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है ? (ख) पुलिस चौकी का उन्नयन कर थाने का दर्जा कब तक दिया जाना है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) दुर्ग जिले में अक्टूबर जिले की स्थिति में कुल 06 पुलिस चौकी स्वीकृत है. इनमें से 03 पुलिस चौकी का उन्नयन कर थाने का दर्जा प्रदान करने हेतु विचाराधीन है. (ख) समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के नगरीय निकायों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृत राशि

3. (*क्र. 442) **श्री अवधेश सिंह चंदेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवंबर 2017 तक नगरीय निकायों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कब-कब कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई ? उक्त राशि के विरूद्ध कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? कार्यवार जानकारी देवें ? (ख) वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवंबर 2017 तक नल-जल विस्तार हेतु पाईप लाईन बिछाने व पानी टंकी निर्माण हेतु कितनी राशि की स्वीकृति मिली है ? कितने कार्य पूर्ण किये गये है एवं कितने अपूर्ण है ? कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ? कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवम्बर 2017 तक

नगरीय निकायों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय वर्षवार निम्नानुसार राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है :—

नगर पालिका परिषद् बेमेतरा :—

राशि लाख में

वित्तीय वर्ष (1)	मद (2)	दिनांक (3)	स्वीकृत राशि (4)	व्यय राशि (5)
2013-14	13वां वित्त	03-06-2013	26.91	26.53
	अधोसंरचना	24-02-2014	1.98	2.07
2014-15	13वां वित्त	01-12-2014	20.01	20.00
	अधोसंरचना	02-03-2015	8.56	8.56
2015-16	अधोसंरचना	12-02-2016	8.56	8.56
		18-03-2016	2.33	2.33
2016-17	अधोसंरचना	31-12-2016	10.89	10.89
01 अप्रैल 2017 से नवम्बर 2017 तक		निरंक		
	योग		**79.24**	**78.94**

(कार्यवार जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है.) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जा रहे बेमेतरा आवर्धन जल प्रदाय योजना हेतु रु. 1355.00 लाख की स्वीकृति के विरुद्ध रु. 1408.75 लाख के कार्य पूर्ण किये गए हैं.

नगर पंचायत बेरला :—

वित्तीय वर्ष (1)	मद (2)	दिनांक (3)	स्वीकृत राशि (4)	व्यय राशि (5)
2013-14	13वां वित्त	10-10-2013	20.00	5.34
	अधोसंरचना	05-04-2013	1.17	1.17
	अधोसंरचना	24-02-2014	1.55	1.55
2014-15	अधोसंरचना	02-03-2015	1.55	1.55
2015-16	अधोसंरचना	12-02-2016	1.55	1.55
		18-03-2016	0.95	0.95
2016-17	अधोसंरचना	31-12-2016	2.52	2.52
01 अप्रैल 2017 से नवम्बर 2017 तक		निरंक		
	योग		**29.29**	**14.63**

(कार्यवार जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है.) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जा रहे बेरला आवर्धन जल प्रदाय योजना हेतु रु. 134.06 लाख की स्वीकृति के विरूद्ध रु. 153.12 लाख के कार्य पूर्ण किये गए हैं. (ख) वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवंबर 2017 तक 13वें वित्त एवं अधोसंरचना मद में पेयजल कार्य अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार, नलकूप खनन, पंप स्थापना आदि कार्य की स्थिति निम्नानुसार है :—

(1) नगर पालिका परिषद् बेमेतरा को 09 कार्य हेतु रु. 79.24 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है, निकाय द्वारा 09 कार्य पूर्ण कर रु. 78.94 लाख का भुगतान किया जा चुका है.

(2) नगर पंचायत बेरला को 07 कार्य हेतु रु. 29.29 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है, निकाय द्वारा 06 कार्य पूर्ण कर रु. 14.63 लाख का भुगतान किया जा चुका है. शेष 01 कार्य मार्च 2018 तक पूर्ण कर लिया जावेगा.

† परिशिष्ट "एक"

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा बेमेतरा आवर्धन जल प्रदाय योजना एवं बेरला आवर्धन जल प्रदाय योजना का कार्य किया जा रहा है.

बालोद जिला में अपराधों के पंजीबद्ध प्रकरण

4. (*क्र. 341) **श्री राजेन्द्र कुमार राय :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बालोद जिले में जनवरी, 2014 से 27.11.2017 तक हत्या/नकबजनी/लूट/चोरी/डकैती/छेड़छाड़ के कितने मामले पंजीबद्ध किये गये है ? थानेवार नाम सहित बतावें ? (ख) उक्त में से कितने मामलों का निराकरण किया गया है ? कितने प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किये गये ? किसमें क्या सजा हुई ? प्रकरणवार बतावें ? (ग) अन्य मामलों में पुलिस के पास कितने मामले निराकरण हेतु शेष है तथा कब से ? थानावार प्रकरणवार बतावें ? (घ) इस प्रकरणों को कब तक न्यायालय में प्रस्तुत कर निराकरण कर दिया जावेगा ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) प्रश्नाधीन अवधि तक बालोद जिले में हत्या/नकबजनी/लूट/चोरी/डकैती/छेड़छाड़ के कुल-1010 मामले पंजीबद्ध किये गये है. थानावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) 891 मामलों का निराकरण किया गया है. 538 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किये गये हैं, जिनमें से 76 प्रकरणों में सजा हो चुकी है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है. (ग) 119 प्रकरण निराकरण हेतु शेष हैं. वर्ष 2015 का 01 प्रकरण, वर्ष 2016 का 01 प्रकरण एवं वर्ष 2017 के 117 प्रकरण विवेचनाधीन होने से लंबित है. थानावार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" पर है. (घ) वर्तमान में 119 प्रकरण विवेचना में लंबित हैं, विवेचना उपरान्त माननीय न्यायालय निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जावेगा. अत: समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

प्रदेश में हाथियों के उत्पात से हुई जनधन की हानि

5. (*क्र. 352) **श्री अरूण वोरा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के कितने जिले हाथियों के उत्पात के प्रकोप से प्रभावित है ? (ख) उक्त जिलों में हाथियों के उत्पात के कारण पिछले 05 वर्षों में कुल कितने ग्रामवासियों की मृत्यु हुई है ? कुल कितने घरों का नुकसान हुआ है ? कुल कितने हेक्टेयर फसलों को नुकसान हुआ है एवं इस संबंध में शासन द्वारा कुल कितना मुआवजा पीड़ितों को दिया गया ? (ग) हाथियों के उत्पात को रोकने के लिये वन विभाग द्वारा क्या कोई ठोस कार्ययोजना बनाई गई है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) **:** (क) प्रदेश में कुल 17 जिले हाथी के उत्पात के प्रकोप से प्रभावित हैं. (ख) प्रदेश के उक्त जिलों में गत 05 वर्षों में कुल 199 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है. कुल 7000 घरों का नुकसान हुआ है. कुल 32952.891 हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है, तथा शासन द्वारा पीड़ितों को कुल 39,49,85,650/- रुपये मुआवजा प्रदान किया गया है. (ग) हाथियों के उत्पात को रोकने के लिये वन विभाग द्वारा निम्नानुसार कार्य योजना बनाई गई है :—

(1) मानव-हाथी द्वंद्व, से प्रभावित गांवों में गीतो/नुक्कड़ नाटकों, द्वार-द्वार प्रचार, रैली, कार्यशाला, इत्यादि के माध्यम द्वंद्व को कम करने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस कार्य में अन्य विभागों एवं संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है. बचाव के उपायों से चित्रों तथा पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है. प्रभावित गांवों में संयुक्त वन प्रबंध समिति/हाथी मित्रा दल को प्रशिक्षित किया जा रहा है. साथ ही उन्हें विभिन्न तकनीक का उपयोग कर मानव-हाथी द्वंद्व कम करने हेतु संसाधन भी उपलब्ध कराया जा रहा है.

(2) आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से हाथी के विचरण की जानकारी प्रतिदिन प्रसारित की जा रही है ताकि जिन क्षेत्रों में हाथी विचरण कर रहे हैं, वहां के ग्रामवासियों को हाथी की उपस्थिति की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो जाये तथा हाथी से बचाव की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके.

(3) मानव-हाथी द्वंद्व प्रभावित क्षेत्रों की वन कर्मचारियों द्वारा गस्त कर सतत निगरानी रखी जा रही है.

(4) हाथी रहवास एवं कॉरीडोर क्षेत्र के विकास हेतु जल स्त्रोतों का निर्माण, फलदार वृक्षों का रोपण, चरागाह का विकास कार्य, अग्नि सुरक्षा इत्यादि कार्य कराया जा रहा है.

(5) हाथियों द्वारा की गई क्षति से प्रभावित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग की ओर से हिंसक वन्यप्राणियों द्वारा पशुओं एवं मनुष्यों को क्षति पहुंचाये जाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति/सहायता राशि में वृद्धि कर क्षतिपूर्ति की राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई है :—

क्रमांक	विवरण	क्षतिपूर्ति/सहायता राशि
1.	जनहानि (मृत्यु होने पर)	रु. 4,00,000/- (रुपये चार लाख)
2.	स्थायी रूप से अपंग होने पर	रु. 2,00,000/- (रुपये दो लाख)
3.	जनघायल होने पर	रु. 59,100/- (रुपये उन्सठ हजार एक सौ की अधिकतम सीमा तक)
4.	पशु हानि होने पर	रु. 30,000/- (रुपये तीस हजार) की अधिकतम सीमा तक

(6) छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के पत्र दिनांक 11.09.2015 द्वारा जारी निर्देशानुसार वन्यप्राणी द्वारा जनहानि प्रकरणों में तत्कालिक सहायता के रूप में पीड़ित के परिजनों को न्यूनतम राशि रुपये 25,000/- प्रदाय किया जा रहा है.

(7) छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के परिपत्र दिनांक 08.07.2016 के द्वारा प्रदेश के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जंगली हाथियों से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति भुगतान रु. 9000/- प्रति एकड़ की दर से आर.बी.सी. (राजस्व पुस्तक परिपत्र में) के प्रावधानों के अंतर्गत भुगतान करने पश्चात् प्रति एकड़ अंतर की राशि का भुगतान कैम्पा मद से किया जा रहा है.

(8) मानव-हाथी द्वंद्व की रोकथाम हेतु भारतीय वन्यप्राणी संस्थान, देहरादून एवं अन्य विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है.

(9) समस्या मूलक वन्यप्राणियों की पहचान कर निश्चेतन करने के उपरांत हाथी को छोड़कर परस्थिति अनुसार चिड़ियाघरों में रखा जाता है अन्यथा जंगल में छोड़ दिया जाता है.

(10) हाथी राहत एवं पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की जा रही है, जिसमें समस्या मूलक हाथी को पकड़कर सुधार हेतु रखा जावेगा.

शराब विक्रय से प्राप्त राजस्व

6. (*क्र. 457) **श्री भैयाराम सिन्हा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह अप्रैल, 2017 से 29 नवम्बर, 2017 तक शासन को शराब विक्रय से राजस्व के रूप में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) उक्तावधि में प्रदेश में कहां-कहां शराब की अवैध बिक्री, परिवहन, भण्डारण एवं शराब में मिलावट के प्रकरण सामने आये तथा दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) माह अप्रैल,2017 से 29 नवम्बर, 2017 तक शासन को शराब विक्रय से राजस्व के रूप में प्राप्त राशि की जिलेवार जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) उक्तावधि में आबकारी विभाग द्वारा प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री परिवहन, भण्डारण एवं शराब में मिलावट के दर्ज प्रकरणों की जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है. दोषियों पर विरूद्ध आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत् कार्यवाही की जाकर प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किये गये है.

जिला दुर्ग में नगरीय निकायों को विकास हेतु प्रदत्त राशि

7. (*क्र. 148) **राजमहंत सांवलाराम डाहरे :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले अंतर्गत कितने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत है ? नाम सहित बतावें ? (ख) उक्त निगम, पालिकाओं व नगर पंचायतों को वर्ष 2015-16 व 2016-17 में विकास के लिए कितनी राशि प्रदान की गई है ? पालिका व पंचायत सहित देवें ? (ग) विकास हेतु दी गई राशि का किस-किस निगम, पालिकाओं व पंचायतों द्वारा शतप्रतिशत उपयोग किया गया है व किसके-किसके द्वारा नहीं की गई है ? नाम सहित देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) दुर्ग जिले के अंतर्गत निम्नानुसार नगरीय निकाय है :—

क्र.	निकाय की श्रेणी	संख्या
1.	नगरपालिका निगम	03
2.	नगरपालिका परिषद	03
3.	नगर पंचायत	03
	योग	**09**

(ख) एवं (ग) जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

† परिशिष्ट "दो"

†† परिशिष्ट "तीन"

बस्तर जिले के नगरनार थाने अंतर्गत गिरफ्तारी

8. (*क्र. 466) **श्री टी. एस. सिंहदेव :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह जून 2016 में बस्तर जिले के नगरनार थाने द्वारा कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया था ? गिरफ्तार लोगों के नाम, गिरफ्तारी दिनांक व स्थान सहित जानकारी देवें ? (ख) उक्तावधि में गिरफ्तार लोगों का न्यायालय में चालान कब-कब प्रस्तुत किया गया ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) माह जून 2016 में बस्तर जिले के नगरनार थाने में 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था. जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है.

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकायों के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास निर्माण

9. (*क्र. 54) **श्री अशोक साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कवर्धा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को कुल कितनी राशि की स्वीकृति दी गई ? (ख) इस योजनांतर्गत सर्वे के पश्चात कुल कितने हितग्राही प्रधानमंत्री आवास के पात्र है ? वर्तमान में नगर पालिका एवं नगर पंचायत में आवास के लिए कुल कितने परिवारों को सर्वे होना शेष है और यह कार्य कब तक पूर्ण होगा ? सर्वे के पश्चात पात्र परिवारों को कब तक इस योजना अंतर्गत आवास प्रदान किया जाएगा? (ग) प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल कितने आवासों का निर्माण होना है ? कृपया नगर पालिका एवं नगर पंचायतों की पृथक-पृथक जानकारी बतायें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को कुल राशि रु. 2364.19 लाख की स्वीकृति दी गई. (ख) इस योजनांतर्गत सर्वे के पश्चात प्रावधिक सूची अनुसार कुल 2062 हितग्राही प्रधानमंत्री आवास के पात्र है. वर्तमान में नगर पालिका एवं नगर पंचायत में आवास के लिए सर्वे हेतु शेष परिवारों की संख्या निरंक है. सभी निकायों में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया है. सर्वे के पश्चात पात्र परिवारों को मिशन अवधि 2022 तक इस योजना अंतर्गत आवास प्रदान किये जाने का प्रावधान है. (ग) प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अद्यतन स्वीकृत परियोजना अनुसार कुल 767 आवासों का निर्माण होना प्रस्तावित है. निकायवार जानकारी परिशिष्ट †† संलग्न है.

जिला दंतेवाड़ा में स्थापित औद्योगिक इकाईयों द्वारा जिला खनिज न्यास निधि में जमा की गई राशि

10. (*क्र. 213) **श्रीमती देवती कर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला दंतेवाड़ा में वर्ष 2016-17 में कितने खनिज आधारित छोटे बड़े उद्योग व सार्वजनिक उपक्रम व अन्य व्यवसायिक इकाईयां स्थापित हुई ? (ख) खनिज आधारित औद्योगिक इकाईयों के द्वारा जिला खनिज न्यास निधि में दिनांक 31.3.2017 की स्थिति में कितनी-कितनी राशि जमा की गई ? औद्योगिक इकाईवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) जिला दंतेवाड़ा में वर्ष 2016-17 में कोई भी खनिज आधारित उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम स्थापित नहीं हुआ है. (ख) दन्तेवाड़ा जिले में खनिज न्यास निधि में दिनांक 31.03.2017 की स्थिति में जमा करायी गयी राशि निम्नानुसार है :—

क्र. (1)	सार्वजनिक उपक्रम/पट्टेदार का नाम (2)	राशि (रु. लाख में) (3)
1.	मेसर्स एन.एम.डी.सी. बचेली एवं किन्दुल	7780.00
2.	मेसर्स बजरंग माईंस एण्ड मिनरल्स गुमड़ा	12.91
3.	मेसर्स प्रेशियस मिनरल्र्स एण्ड स्मे. लि., जगदलपुर	0.91
4.	मेसर्स यूनिक मिनरल्स, दन्तेवाड़ा	0.49
5.	श्री अब्दुल वाहीद सिद्धकी बी.एस. कन्स, किरन्दुल	0.19
	योग	**7794.50**

† परिशिष्ट "चार"

†† परिशिष्ट "पांच"

केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत जल आवर्धन योजना की स्वीकृति

11. (*क्र. 177) **श्री संतराम नेताम :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2014 से अक्टूबर, 2017 तक कौन-कौन से स्थानों पर जल आवर्धन योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? कृपया स्थानवार तथा वर्षवार योजनान्तर्गत स्वीकृत राशि की जानकारी देवें ? (ख) क्या उपरोक्त स्वीकृत कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो कृपया इसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2014से अक्टूबर, 2017 तक किसी भी स्थानों पर जल आवर्धन योजना की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है. अत: स्थानवार तथा वर्षवार योजनान्तर्गत स्वीकृत राशि की जानकारी निरंक है. (ख) कोई भी योजना स्वीकृत नहीं होने के कारण प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों पर आर्थिक अपराध के दर्ज प्रकरण

12. (*क्र. 281) **श्री सत्यनारायण शर्मा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वन विभाग में कितने अधिकारियों/कर्मचारियों पर आर्थिक अपराध ब्यूरो द्वारा प्रकरण दर्ज है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो छत्तीसगढ़ रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के 22 अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध आर्थिक अपराध ब्यूरो द्वारा प्रकरण दर्ज किये गये है.

विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत फ्लोराईडयुक्त पानी की प्राप्त शिकायतें

13. (*क्र. 336) **श्री चिन्तामणी महाराज :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत किन-किन ग्राम पंचायतों में हैण्डपंप से फ्लोराईडयुक्त पानी निकलने की शिकायत प्राप्त हुई है ? (ख) शासन द्वारा उक्त ग्राम पंचायतों में पेयजल उपलब्धता हेतु क्या कार्य कराए जा रहे हैं ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत हैण्डपंपों के पेयजल में फ्लोराईडयुक्त पानी निकलने की शिकायत किसी भी स्तर से प्राप्त नहीं हुई है अपितु विभाग द्वारा कराये गये जल परीक्षण रिपोर्ट अनुसार 26 ग्राम पंचायतों के हैण्डपंपों का पानी फ्लोराईयुक्त पाया गया है. ग्राम पंचायतवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. (ख) विभाग द्वारा उक्त 26 ग्राम पंचायतों में फ्लोराईडमुक्त 365 नग हैण्डपंप, 38 नग फ्लोराईड निवारण संयंत्र, 02 नलजल योजना, 03 नग सोलर पंप तथा 03 स्थल जल योजनाओं के माध्यम से ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है. ग्राम पंचायतवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है.

दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव अंतर्गत क्रय सीमेंट, गिट्टी एवं छड़

14. (*क्र. 491) **श्री मोहन मरकाम :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में किन-किन फर्मों से कितनी-कितनी मात्रा में सीमेंट, गिट्टी व छड़ का क्रय किया गया ? (ख) कंडिका "क" के अनुसार प्रदायित सामग्री के विरूद्ध फर्मों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किस माध्यम से कब किया गया ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में विभिन्न फर्मों से क्रय की गई सीमेंट, गिट्टी व छड़ का विवरण निम्नानुसार है :—

क्र.	फर्म का नाम	2016-17			2017-18		
		सीमेंट (बैग में)	गिट्टी (घ.मी. में)	छड़ (कि.ग्रा. में)	सीमेंट (बैग में)	गिट्टी (घ.मी. में)	छड़ (कि.ग्रा. में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	प्रिया इंटरप्राईजेस कोण्डागांव	10851	-	-	820	-	5383.800
2.	उत्सव ट्रेडर्स कोण्डागांव	5213	-	8638.950	3185	301.000	1996.000

† परिशिष्ट "छ:"

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
3.	मानव ट्रेडर्स कोण्डागांव	55	1300.956	2048.000	–	534.316	–
4.	दीपेश कुमार कोण्डागांव	615	69.320	6430.00	–	–	–
5.	शुभम सीमेंट ब्रिक्स इंडस्ट्रीज कोण्डागांव	–	65.000	–	–	–	–
6.	गोलछा बिल्डिंग सोल्यूशन कोण्डागांव	–	555.000	–	–	21.160	–
7.	प्रिया ट्रेडर्स कोण्डागांव	–	–	11425.400	240	–	2129.000
8.	ओ.व्ही.इंटरप्राईजेस, रायपुर	–	–	5795.000	–	–	–
	योग	**16734**	**1990.276**	**34337.350**	**4245**	**856.476**	**9508.800**

(ख) कंडिका "क" के अनुसार प्रदायित सामग्री के विरुद्ध फर्मों को वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में चेक एवं बैंक खाते में सीधे भुगतान कर किया गया है. विवरण निम्नानुसार है :—

(राशि रुपये में)

क्र. (1)	फर्म का नाम (2)	वर्ष 2016-17 (3)	वर्ष 2017-18 (4)
1.	प्रिया इंटरप्राईजेस कोण्डागांव	2674686	380160
2.	उत्सव ट्रेडर्स कोण्डागांव	1742766	1198199
3.	मानव ट्रेडर्स कोण्डागांव	1458133	646486
4.	दीपेश कुमार कोण्डागांव	484220	0
5.	शुभम सीमेंट ब्रिक्स इंडस्ट्रीज कोण्डागांव	74403	0
6.	गोलछा बिल्डिंग सोल्यूशन कोण्डागांव	583169	23086
7.	प्रिया ट्रेडर्स कोण्डागांव	375293	138415
8.	ओ.व्ही. इंटरप्राईजेस, रायपुर	208842	0
	योग	**76,01,512**	**23,86,346**

सरायपाली, बसना विधानसभा क्षेत्र में हैण्डपम्प खनन

15. (*क्र. 72) **श्री रामलाल चौहान :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरायपाली, बसना विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2015-16 से 15.11.2017 तक क्षेत्र में कहाँ-कहाँ कितने हैण्डपम्प का खनन हुआ ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त हैण्डपम्पों में कितने हैण्डपम्पों से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा कितने हैण्डपम्प सूखें हैं ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) सरायपाली, बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2015-16 से 15.11.2017 तक क्षेत्र में 488 हैण्डपंप (नलकूप) खनन हुआ है. विकासखण्डवार, ग्रामवार, बसाहटवार खनित नलकूपों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के क्रमशः कॉलम क्रमांक-4, 5, 6 एवं 7 में दर्शित अनुसार है. (ख) उक्त 488 नलकूपों में से 400 सफल नलकूपों में हैण्डपम्पों से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा 88 नलकूप असफल होने के कारण सूखे हैं.

डोंगरगांव नगर पंचायत में राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना के तहत स्वीकृत राशि

16. (*क्र. 527) **श्री दलेश्वर साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव नगर पंचायत को वर्ष 2015-16, 2016-17 से प्रश्नावधि तक केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाएं/अधोसंरचना एवं अन्य मदों से कितनी-कितनी राशि कब-कब स्वीकृत की गई ? (ख) उक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण-अपूर्ण, लंबित अप्रारंभ है ? कार्य अपूर्ण अप्रारंभ का क्या कारण है ? अपूर्ण कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है.

सक्ती विधान सभा क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृत राशि एवं कार्य

17. (*क्र. 6) **डॉ. खिलावन साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि सक्ती विधान सभा क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2013-14 से 27.11.2017 तक राज्य शासन द्वारा कितनी राशि किस-किस कार्य के लिए किन-किन मदों में उपलब्ध कराई गई है ? वर्षवार, मदवार, कार्यवार, नगर पालिका/नगर पंचायतवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी परिशिष्ट †† संलग्न है.

भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

18. (*क्र. 422) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 29.11.2017 की स्थिति में भारतीय वन सेवा के कौन-कौन से अधिकारी कहां-कहां किस-किस पद पर कब से प्रतिनियुक्ति पर है ? (ख) कंडिका "क" के केडर में कुल कितने पद राज्य के लिए स्वीकृत है ? (ग) कंडिका "क" के केडर के अधिकारियों में से कितने अधिकारियों के खिलाफ 50 वर्ष या 20 वर्ष की सेवा के तहत् अनिवार्य सेवा निवृत्ति की कार्यवाही वर्ष 2017 में नवम्बर माह तक की गई नाम सहित बतावें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) 29.11.2017 की स्थिति में भारतीय वन सेवा के कौन-कौन अधिकारी कहां-कहां किस-किस पद पर कब से प्रतिनियुक्ति पर हैं, की जानकारी "परिशिष्ट" पर ‡ संलग्न है. (ख) भारत सरकार के अधिसूचना दिनांक 24.09.2013 द्वारा भारतीय वन सेवा के छ.ग. राज्य संवर्ग हेतु कुल 153 पद स्वीकृत किये गये हैं, जिसमें से केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के 18 एवं राज्य प्रतिनियुक्ति के 23, इस प्रकार कुल 41 प्रतिनियुक्ति के पद स्वीकृत हैं. (ग) माह नवम्बर 2017 तक भारतीय वन सेवा अधिकारियों में से किसी भी अधिकारी के खिलाफ 50 वर्ष या 20 वर्ष की सेवा के तहत् अनिवार्य सेवा निवृत्ति की कार्यवाही नही की गई है.

रायगढ़ जिले में वनों का क्षेत्रफल

19. (*क्र. 38) **श्री लालजीत सिंह राठिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में वनों का क्षेत्रफल वर्तमान स्थिति में कितना प्रतिशत है ? विगत 5 वर्षों में कितनी कमी आयी है ? (ख) वनों के क्षेत्रफल विस्तार हेतु शासन क्या-क्या कार्य योजना संचालित कर रही है ? विगत 3 वर्षों में कितने पौधों का रोपण किया गया है ? रेंजवार राशि सहित जानकारी देवें ? (ग) रोपित पौधे कितने प्रतिशत जीवित हैं ? कितने मर गये हैं ? (घ) कूप कटाई में कितने वृक्ष काटे गये हैं ? काटे गये वृक्ष से वन विभाग को कितनी आमदनी हुई ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान के नवीनतम प्रतिवेदन के अनुसार रायगढ़ जिले के वनावरण का क्षेत्रफल 2015 की स्थिति में 35.89 प्रतिशत है. भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2011 एवं 2015 में जारी किए गए सर्वेक्षण के अनुसार इस अवधि में वनावरण में 0.04 प्रतिशत की कमी दर्शाई गई है. (ख) प्रश्नांश ख की जानकारी "परिशिष्ट" पर ‡‡ संलग्न है. (ग) रोपित पौधें में 68.54 प्रतिशत पौधे जीवित है. रोपित पौधों में से 31.46 प्रतिशत पौधे मर गए है. (घ) विगत तीन वर्षों में कूप कटाई में 99 हजार 586 वृक्ष काटे गयें हैं. काटे गये वृक्ष से वन विभाग को 55 करोड़ 36 लाख 84 हजार 576 रुपये की आमदनी हुई है.

सूरजपुर जिले अंतर्गत हैण्डपंपों में आयरन रिमूवल प्लांट की स्थापना में व्यय राशि

20. (*क्र. 500) **श्री पारसनाथ राजवाड़े :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि सूरजपुर जिला अंतर्गत कितने हैण्डपंपों का पानी आयरन एवं फलोराईड युक्त पाया गया ? कितने प्रभावित हैण्डपंपों में आयरन रिमूवल प्लांट लगाया गया, एवं कितनी राशि व्यय हुई ? स्थापित आयरन रिमूवल प्लांट कितने चालू है कितने बंद है ? वर्ष 2016-2017 एवं 2017-2018 के अनुसार वर्षवार, विकाखण्डवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : वर्ष 2016-2017 में सूरजपुर जिला अंतर्गत किसी भी हैण्डपंपों का पानी आयरन एवं फ्लोराईड युक्त नहीं पाया गया. वर्ष 2017-2018 में सूरजपुर जिला अंतर्गत 120 हैण्डपंपों में मानक से अधिक आयरन एंव 40 हैण्डपंपों में मानक से अधिक

---

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ" ‡ परिशिष्ट "नौ" ‡‡ परिशिष्ट "दस"

फ्लोराईड युक्त पानी पाया गया. विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

क्र.	विकासखण्ड	आयरन युक्त पाये गये हैण्डपंपों की संख्या	फ्लोराईड युक्त पाये गये हैण्डपंपों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सूरजपुर	79	16
2.	रामानुजगंज	04	0
3.	प्रेमनगर	30	12
4.	ओड़गी	0	02
5.	प्रतापपुर	07	01
6.	भैयाथान	0	09
	कुल	**120**	**40**

वर्ष 2016-2017 एवं वर्ष 2017-2018 में सूरजपुर जिला अंतर्गत आयरन से प्रभावित हैण्डपंपों में आयरन रिमूव्हल प्लांट नहीं लगाया गया है. प्रश्नाधीन अवधि में आयरन रिमूव्हल प्लांट नहीं लगाये जाने के कारण कोई व्यय नहीं हुआ है. आयरन रिमूव्हल प्लांट नहीं लगाये जाने के कारण, प्लांट के चालू एवं बंद होने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार में मदिरा की खपत

21. (*क्र. 355) **श्री जनकराम वर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार अंतर्गत 2015-16 एवं 2016-17 में कितनी मात्रा में एवं कितनी राशि की देशी, विदेशी शराब की खपत हुई तथा वर्ष 2017-18 में नवम्बर 2017 की स्थिति में कितनी मात्रा में कितनी राशि की देशी, विदेशी शराब की खपत हुई ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? (ख) कंडिका "क" अंतर्गत वर्ष 2017-18 में नवम्बर 2017 की स्थिति में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम हेतु क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार अंतर्गत 2015-16 एवं 2016-17 में तथा वर्ष 2017-18 में नवम्बर 2017 की स्थिति में देशी एवं विदेशी शराब की खपत एवं प्राप्त राजस्व की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

वर्ष	विकासखण्ड का नाम	मदिरा की खपत			प्राप्त राजस्व		
		देशी मदिरा (प्रू.ली.)	विदेशी मदिरा (स्प्रिट) (प्रू.ली.)	विदेशी मदिरा (माल्ट) (ब.ली)	देशी मदिरा	विदेशी मदिरा	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
2015-16	बलौदाबाजार	966474	278393	175537	246453660	137204381	383658041
	सिमगा	205497	848584	83508	51137730	55421504	106559234
	तिल्दा	631404	168297	126002	165636360	63267472	228903832
2016-17	बलौदाबाजार	948150	220517	153271	244305100	77242320	321547420
	सिमगा	323091	108308	41434	98505300	57099450	155604750
	तिल्दा	649467	127069	155582	204046700	56199031	260245731
2017-18	बलौदाबाजार	614385	155813	97876	175139725	66791695	241931420
माह नवम्बर	सिमगा	180477	61215	28618	51445945	25382002	76827947
तक	तिल्दा	399222	69946	57044	198354325	58090220	256444545

(ख) कंडिका "क" अंतर्गत वर्ष 2017-18 में नवम्बर 2017 की स्थिति में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय आबकारी नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं. विभाग द्वारा शिकायत प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 14405 का प्रचार प्रसार किया गया है जिस पर अवैध शराब विक्रय की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही की जाती है. विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रय पर सतत निगरानी की जा रही है. जिले में अवैध शराब विक्रय के प्रकरणों की संख्या निरंक है एवं अन्य धाराओं के तहत् 263 प्रकरण कायम किये गये है.

अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के आर्सेनिक प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

22. (*क्र. 495) **श्री भोलाराम साहू :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव जिले के अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में आर्सेनिक प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही वर्ष 2016-17 एवं 17-18 में नवंबर 2017 तक की गई है?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** राजनांदगांव जिले के अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में आर्सेनिक प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में 30 नवम्बर 2017 तक की गई कार्यवाही की ग्रामवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

चित्रकोट वि. स. क्षेत्र में ग्रामीणों के पेयजल हेतु हेण्डपंपों में सौर ऊर्जा सेट की स्थापना

23. (*क्र. 487) **श्री दीपक बैज :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2017-18 में माह नवम्बर, 2017 तक की स्थिति में ग्रामीणों के पेयजल हेतु कुल कितने हैण्ड पम्पों में सौर ऊर्जा सेट लगाया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी दी जावें. (ख) प्रश्नांश "क" के अंतर्गत उक्त सौर ऊर्जा चलित हैण्डपम्पों में से कितने चालू व कितने बन्द है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2017-18 में माह नवम्बर 2017 तक की स्थिति में ग्रामीणों के पेयजल हेतु कुल 19 हैण्डपंपों में सौर ऊर्जा सेट लगाया गया है. विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

क्र.	विकासखण्ड	स्थापित
1.	लोहण्डीगुड़ा	02
2.	तोकापाल	17
3.	दरभा	निरंक
4.	बास्तानार	निरंक
	योग	**19**

(ख) प्रश्नांश "क" के अंतर्गत स्थापित 19 सौर ऊर्जा चलित हैण्डपंपों में से सभी 19 चालू है एवं बंद की संख्या निरंक है. विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

नगरीय निकाय के पार्षदों को प्रदाय पार्षद निधि

24. (*क्र. 345) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नगरीय निकाय अंतर्गत नगर निगम/नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के पार्षदों को प्रत्येक वर्ष कितनी पार्षद निधि उपलब्ध करायी जाती है ? पृथक-पृथक बतावें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** नगरीय निकाय अंतर्गत नगर निगम/नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के पार्षदों को प्रत्येक वर्ष निम्नानुसार पार्षद निधि उपलब्ध करायी जाती है.

(राशि लाख में)

क्र.	निधि	नगर पालिक निगम	नगर पालिका	नगर पंचायत
1.	पार्षद निधि	4.00	3.00	2.00
2.	मनोनीत पार्षद (एल्डरमेन निधि)	3.00	2.00	1.50

† परिशिष्ट "ग्यारह"

†† परिशिष्ट "बारह"

बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग में जंगली पशुओं (हाथी/भालू) के हमले से जान-माल की क्षति

25. (*क्र. 499) **श्री अमरजीत भगत :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी 2017 से 30 नवम्बर, 2017 तक बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग में जंगली पशुओं (हाथी/भालू) के हमले से कितनी जान-माल की क्षति हुई ? कितने लोग घायल हुए ? कितनी मौते हुई ? (ख) प्रश्नांश (क) के अनुसार हाथी भालू के हमले से सरकार द्वारा कितना-कितना घायल मुआवजा, मृत्यु मुआवजा, मकान मुआवजा दिया गया ? नाम पता राशि सहित बतावें ? (ग) जंगली पशुओं के हमले की रोकथाम हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं में उक्त अवधि में कितनी राशि व्यय की गई ? कृपया बतावें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) **:** (1) जनवरी 2017 से 30 नवम्बर 2017 तक की स्थिति में बिलासपुर संभाग में हाथी द्वारा जनहानि के 21 प्रकरण (21 मौतें), जनघायल के 05 प्रकरण, फसल हानि के 5577 प्रकरण (2201.561 हेक्टे.) एवं मकान क्षति के 390 प्रकरण दर्ज हुए हैं. भालू द्वारा जनहानि के 04 प्रकरण (04 मौतें), जनघायल के 70 प्रकरण, फसल हानि के 01 प्रकरण (0.40 हेक्टे.) दर्ज हुए है. सरगुजा संभाग में हाथी द्वारा जनहानि के 33 प्रकरण (33 मौतें), जनघायल के 10 प्रकरण, फसल हानि के 7302 प्रकरण (1452.256 हेक्टे.), मकान क्षति के 1363 एवं अन्य क्षति के 334 प्रकरण दर्ज हुए हैं. साथ ही भालू द्वारा जनहानि के 17 प्रकरण (17 मौतें), जनघायल के 121 प्रकरण एवं अन्य हानि के 01 प्रकरण दर्ज हुए हैं. (ख) जनवरी 2017 से 30 नवम्बर 2017 की स्थिति में बिलासपुर संभाग में हाथी द्वारा जनहानि के 21 प्रकरणों में राशि रु. 84,00,000/-, जनघायल के 05 प्रकरण में राशि रु. 7870/-, फसल क्षति के 5577 प्रकरण में राशि रु. 3,89,99,412/-, मकान क्षति के 390 प्रकरणों में राशि रु. 1,53,98,497/- का मुआवजा दिया गया. बिलासपुर संभाग में भालू द्वारा जनहानि के 04 प्रकरण में राशि रु. 16,00,000/, जनघायल के 70 प्रकरण में राशि रु. 17,87,223/- एवं फसल क्षति के 01 प्रकरण में राशि रु. 18,000/- का मुआवजा दिया गया. सरगुजा संभाग में हाथी द्वारा जनहानि के 33 प्रकरणों में राशि रु. 1,32,00,000/-, जनघायल के 10 प्रकरण में राशि रु. 97,041/-, फसल हानि के 7302 प्रकरणों में राशि रु. 3,08,19,722/-, मकान क्षति के 1363 प्रकरणों में राशि रु. 3,27,91,034/- एवं अन्य क्षति के 334 प्रकरणों में राशि रु. 20,34,396/- का मुआवजा दिया गया है. सरगुजा संभाग में भालू द्वारा जनहानि के 17 प्रकरणों हेतु राशि रु. 64,00,000/-, जनघायल के 121 प्रकरणों में राशि 17,47,265/-, अन्य क्षति के 01 प्रकरण में राशि रु. 5900/- का मुआवजा दिया गया है. (नाम, पता सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 1 एवं 2 में). (कोरिया वनमण्डल में भालू द्वारा जनहानि के 01 प्रकरण में उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने के कारण मुआवजा भुगतान लंबित है). (ग) जंगली पशुओं के हमले की रोकथाम हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं में जनवरी 2017 से 30 नवम्बर 2017 तक बिलासपुर संभाग में राशि रु. 8,95,38,893/- का व्यय किया गया.

नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

सक्ती विधान क्षेत्र में नल जल/स्थलजल योजना/पाईपलाईन विस्तार के कार्यों का भौतिक सत्यापन

1. (क्र. 7) **डॉ. खिलावन साहू :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सक्ती विधान सभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के द्वारा वर्ष 2013-14 से 25 नवम्बर 2017 तक नल जल योजना/स्थल जल योजना/पाईपलाईन/पानी टंकी निर्माण कार्यों के पूर्ण होने व भौतिक सत्यापन होने के बाद कितने कार्यों को विभाग व ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया गया है ? व कितने को हस्तांतरित नहीं किया गया है ? (ख) किन-किन ग्रामों में कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात् भी पानी आपूर्ति नहीं किया जा रहा है ? वर्तमान में कितने नल जल योजना/स्थल जल योजना चालू हैं ? कितने बंद हैं ? ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) सक्ती विधानसभा क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा वर्ष 2013-14 से 25 नवम्बर 2017 तक नलजल योजना/स्थल जल योजना/पाईपलाईन/पानी टंकी के पूर्ण किये गये कार्यों को विभाग द्वारा भौतिक रूप से सत्यापन करने के बाद 28 कार्य ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किये गये हैं. हस्तांतरण हेतु पूर्ण कार्य निरंक है. (ख) कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात् भी पानी आपूर्ति नहीं किया जा रहा है, ग्रामों का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. अद्यतन पूर्ण 36 नलजल योजनाओं में से 31 चालू एवं 05 बंद है. इसी प्रकार अद्यतन पूर्ण 08 स्थल जल योजनाओं में से 08 सभी चालू है, कोई भी स्थल जल योजना बंद नहीं है. ग्राम पंचायतवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है.

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हेण्डपंप खनन

2. (क्र. 39) **श्री लालजीत सिंह राठिया :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नवम्बर, 2017 की स्थिति में कितने हेण्डपंप संचालित हैं एवं विगत वर्ष में कितने हेण्डपंप खनन किये गये ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त हेण्डपम्पों से कितने हेण्डपम्पों में पेयजल प्राप्त हो रहा है ? तथा कितने हेण्डपंप सूखे हैं ? (ग) कितने खराब हैं व मरम्मत हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? (घ) वर्ष 2015-16 एवं 2017-18 में कितने हेण्ड पम्प स्वीकृत किये गये हैं ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नवम्बर 2017 की स्थिति में 4036 हैण्डपंप संचालित हैं. विगत वर्ष में 74 नलकूप (हैण्डपंप) खनन किये गये हैं. विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है. (ख) उक्त सभी 4036 हैण्डपंपों में पेयजल प्राप्त हो रहा है. सूखे हैण्डपंप निरंक हैं. (ग) 55 हैण्डपंप साधारण सुधार प्रक्रिया के तहत् खराब है. मरम्मत हेतु राशि विधानसभावार नहीं अपितु जिलेवार आबंटित की जाती है. वर्ष 2017-18 में जिले को 120.60 लाख की राशि अद्यतन आबंटित की गई है. (घ) वर्ष 2015-16 एवं 2017-18 में क्रमशः 157 एवं 54 हैण्डपंप स्वीकृत किये गये है.

कवर्धा जिला खनिज न्यास मद से वन विभाग द्वारा कराये गये निर्माण कार्य

3. (क्र. 55) **श्री अशोक साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कवर्धा जिला खनिज न्यास मद से 01 जनवरी 2015 से 30 अक्टूबर, 2017 तक वन विभाग द्वारा कौन-कौन से निर्माण कार्यों को कराया गया ? निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई ? कितने कार्य पूर्ण तथा कितने कार्य अपूर्ण हैं ? उक्त निर्माण कार्य किन एजेंसियों से कराया गया या कराया जा रहा है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) **:** कवर्धा जिला अंतर्गत खनिज न्यास मद से 01 जनवरी 2015 से 30 अक्टूबर, 2017 तक वन विभाग को कोई निर्माण कार्य स्वीकृत नहीं है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

नगर पंचायत दोरनापाल में गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

4. (क्र. 134) **श्री कवासी लखमा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2013 से अक्टूबर 2017 के बीच में जिला सुकमा के नगर पंचायत दोरनापाल में गौरव पथ निर्माण हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गयी ? (ख) निविदा किस ठेकेदार को दिया गया ? (ग) कितने मीटर सड़क (पथ) का निर्माण किया जाना था ? कितने मीटर सड़क का निर्माण किया गया है ? निर्मित सड़क हेतु ठेकेदार को कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? कार्य की क्या स्थिति (भौतिक) है ? (घ) क्या उक्त कार्य हेतु दोबारा निविदा किया गया है ? यदि हां तो क्यों ?

† परिशिष्ट "तेरह" †† परिशिष्ट "चौदह"

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2013 से अक्टूबर 2017 के बीच में जिला सुकमा के नगर पंचायत दोरनापाल में गौरव पथ निर्माण हेतु 368.71 लाख राशि स्वीकृत की गई. (ख) निविदा कार्य मेसर्स G.V.R. कन्ट्रक्शन, बीजापुर को दिया गया है. (ग) 2000 मीटर सड़क का निर्माण किया जाना था. 820 मीटर सड़क का निर्माण किया गया है. निर्मित सड़क हेतु ठेकेदार को 119.00 लाख राशि का भुगतान किया गया है. कार्य वर्तमान में बन्द है. (घ) जी हां. उक्त कार्य हेतु दोबारा निविदा किया गया है. प्रथम निविदा में एक भी निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण द्वितीय निविदा आमंत्रित किया गया है. द्वितीय निविदा में मेसर्स G.V.R. कन्ट्रक्शन, बीजापुर का दर न्यूनतम होने से अनुबंध कर दि. 23-09-2013 को कार्यादेश प्रदान किया गया है. ठेकेदार द्वारा दिये गये समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण निविदा निरस्त कर शेष कार्य हेतु तृतीय निविदा आमंत्रित की गई है.

वन मण्डल जगदलपुर के माचकोट तिरिया क्षेत्र में एन.एम.डी.सी. द्वारा पानी पाईप लाईन बिछाये जाने हेतु वृक्षों की कटाई

5. (क्र. 135) **श्री कवासी लखमा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वनमंडल जगदलपुर के माचकोट, तिरिया क्षेत्र में एन.एम.डी.सी. स्टील प्लांट नगरनार के पानी हेतु पाईप लाईन बिछाए जाने हेतु पेड़ों की कटाई किया गया है ? यदि हां तो कौन-कौन सी प्रजाति के पेड़ों की कटाई किया गया है ? प्रजातिवार अलग-अलग जानकारी देवें ? (ख) पेड़ों की कटाई से शासन को कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई ? (ग) क्या उक्त क्षेत्र एवं कांगेरघाटी क्षेत्र में पेड़ों की कटाई हेतु भारत-सरकार और पर्यावरण विभाग से अनुमति लिया गया ? यदि हां तो कब-कब स्वीकृति मिला ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) जी हां. जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) पेड़ों की कटाई से शासन को कुल रु. 13,20,658.00 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई. (ग) जी हां. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, के पत्र क्रमांक/F. No. FC-II/CH-35/2016-NGP/723, दिनांक 29-07-2016 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है.

अहिवारा विधान सभा क्षेत्र में जल आपूर्ति संवर्धन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण

6. (क्र. 149) **राजमहंत सांवलाराम डाहरे :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति संवर्धन योजना के अंतर्गत कितने ग्रामों में वर्ष 2014 के पूर्व पानी टंकी थी ? 2014 से कितने ग्रामों में निर्माण के लिए स्वीकृत हुए हैं ? उनकी अद्यतन स्थिति क्या है ? (ख) विधानसभा अहिवारा के कितने ग्राम में पानी टंकी निर्माण की आवश्यकता है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति संवर्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 के पूर्व कुल 24 ग्रामों में पानी टंकी थी. वर्ष 2014 से 5 ग्रामों में पानी टंकी निर्माण कार्य स्वीकृत हुये. अद्यतन स्थिति †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) विधानसभा अहिवारा के 9 ग्रामों में पानी टंकी निर्माण की आवश्यकता है.

केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल खनन कार्य की स्वीकृति

7. (क्र. 178) **श्री संतराम नेताम :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में मैकेनिकल विभाग के द्वारा कितने ट्यूबवेल, कितने हैण्डपम्प खनन कार्यों की स्वीकृति दी गई ? कितने ट्यूबवेल, कितने हैण्डपम्पों का संधारण किया गया एवं संधारण में कितनी राशि खर्च की गई ? संपूर्ण जानकारी वर्षवार एवं विकासखण्डवार देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : कोण्डागांव जिले में केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 (नवम्बर 2017 तक) में मेकेनिकल शाखा के द्वारा क्रमश: 69 एवं 26 नग ट्यूबवेल (हैण्डपंप) खनन कार्यों की स्वीकृत दी गई है. जानकारी वर्षवार एवं विकासखण्डवार ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. नलकूपों एवं हैण्डपंपों के संधारण एवं उस पर व्यय की जानकारी वर्षवार एवं विकासखण्डवार ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है.

---

† परिशिष्ट "पन्द्रह" †† परिशिष्ट "सोलह" ‡ परिशिष्ट "सत्रह"

चिटफण्ड कम्पनियों द्वारा घोटाला पर कानूनी कार्यवाही

8. (क्र. 201) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2015-16 से नवम्बर, 2017 तक चिटफण्ड कम्पनियों के द्वारा किये गये घोटाले जो प्रकाश में आ चुके हैं उनकी कम्पनियों के नाम, घोटालों की राशि, पीड़ित व्यक्तियों की संख्या, एफ.आई.आर., गिरफ्तारियां की स्थिति क्या-क्या है ? (ख) उक्त अवधि में कितनी चिटफण्ड कंपनियों की चल-अचल संपत्तियों की कुर्की के लिए कानूनी कार्यवाहियां की गई है ? जिनके विरुद्ध ऐसी कार्यवाही नहीं की गई उसके कारण क्या है तथा उत्तरदायी कौन-कौन है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में कोई भी चिटफण्ड कंपनी पंजीकृत नहीं है. प्रश्नाधीन अवधि में अनियमित वित्तीय संस्थानों द्वारा निवेशकों से की गई धोखाधड़ी के मामले, कंपनी का नाम, राशि, पीड़ित व्यक्तियों की संख्या, एफ.आई.आर. गिरफ्तारियों की स्थिति की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"क" पर है. (ख) कुल 29 प्रकरणों में से 23 अनियमित वित्तीय संस्थानों के विरुद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा कुर्की का अंत:कालीन आदेश पारित किया गया है. अन्य अनियमित वित्तीय संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है.

देशी तथा विदेशी मदिरा की खरीदी/बिक्री तथा प्राप्त राजस्व

9. (क्र. 202) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 2017-18 में नवम्बर 2017 तक देशी तथा विदेशी मदिरा की खरीदी एवं बिक्री की मात्रा तथा इससे कितना राजस्व प्राप्त हुआ और शासकीय निगमों को कितना-कितना लाभार्जन हुआ ? (ख) छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की स्वीकृत तथा भरे पदों की संख्या एवं आरक्षित पदों की संख्या कितनी-कितनी है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रदेश में 2017-18 में नवम्बर 2017 तक देशी तथा विदेशी मदिरा की खरीदी एवं बिक्री की मात्रा निम्नानुसार है :—

मदिरा	खरीदी मात्रा	बिक्री मात्रा
देशी मदिरा (प्रूफ लीटर)	39233467	36113208
विदेशी मदिरा स्प्रिट (प्रूफ लीटर)	16292808	14498709
विदेशी मदिरा माल्ट (बल्क लीटर)	10051335	10967235

उक्त मदिरा के विक्रय से शासन को 24,27,13,05,924 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ तथा शासकीय निगमों के लाभ का आंकलन वित्तीय वर्ष समाप्ति उपरांत अंकेक्षण पश्चात् ही किया जाना संभव होगा. (ख) छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की स्वीकृत तथा भरे पदों की संख्या की जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. प्रतिनियुक्ति, संविदा तथा आउटसोर्सिंग से भरे जाने के कारण आरक्षित पद की संख्या निरंक है.

बस्तर जिले में पेयजल व्यवस्था हेतु नलजल-पाईपलाईन विस्तार योजना का क्रियान्वयन

10. (क्र. 232) **श्री लखेश्वर बघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में वर्ष 2015-16 से 27-11-17 तक पेयजल व्यवस्था हेतु किन-किन ग्रामों में नलजल पाईप लाईन विस्तार योजना हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? किन-किन ग्रामों में नलजल योजना हेतु पाईप लाईन का विस्तार कर योजना का क्रियान्वयन किया गया है ? (ख) क्या पाईप लाईन विस्तारित ग्रामों में जल आपूर्ति की जा रही है ? यदि नहीं तो किन कारणों से लंबित है.

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) बस्तर जिले में वर्ष 2015-16 से 27-11-2017 तक पेयजल व्यवस्था हेतु 19 ग्रामों में नलजल पाईप लाईन विस्तार हेतु 24 आवेदन प्राप्त हुए थे, ग्रामों की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है. इनमें से किसी भी ग्राम में नलजल योजना हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य नहीं किया गया है. (ख) प्रश्नांश "क" अंतर्गत विभाग द्वारा पाईप लाईन विस्तार कार्य नहीं किया गया है परन्तु प्रश्नांश "क" के ग्रामों में विद्यमान योजना से पेयजल आपूर्ति की जा रही है. प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है.

† परिशिष्ट "अट्ठारह"

†† परिशिष्ट "उन्नीस"

वन विभाग में बाढ़ आपदा राहत प्रबंधन की राशि में अनियमितता पर कार्यवाही

11. (क्र. 282) **श्री सत्यनारायण शर्मा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वन विभाग में बाढ़ आपदा राहत प्रबंधन की राशि के दुरूपयोग के प्रकरण पर लोक लेखा समिति के द्वारा संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है ? (ख) यदि हां तो कार्यवाही विवरण देवें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) जी हां. (ख) छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग द्वारा गठित दो सदस्यीय समिति द्वारा प्रकरण की मौके पर विस्तृत जांच की गई. प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर शासन के निर्देशानुसार आठ अधिकारियों से स्पष्टीकरण माँगा गया. सभी के स्पष्टीकरण प्राप्त हो गये हैं. कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था

12. (क्र. 342) **श्री राजेन्द्र कुमार राय :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के किन-किन ग्रामों में नलजल योजना संचालित है ? जनवरी 2017 के किन-किन स्थानों में प्रारंभ हुई है ? नाम सहित बतावें ? (ख) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के किन-किन ग्रामों में जनवरी, 2014 से हैण्डपंप खनन कर हैण्डपंप लगाये गये हैं ? (ग) ग्रीष्मकालीन समय में गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के कितने ग्रामों में पेयजल की समस्या आती है ? नाम सहित बतावें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के जिन-जिन ग्रामों में नलजल योजना संचालित है. उन ग्रामों की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. उक्त विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2017 से कोई भी योजना प्रारंभ नहीं हुई है. अत: ग्राम का नाम बताने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता. (ख) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के जिन-जिन ग्रामों में जनवरी 2014 से 30 नवम्बर 2017 तक हैण्डपंप (नलकूप) खनन कर सफल नलकूपों में हैण्डपंप लगाये गये है. उन ग्रामों की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है. (ग) ग्रीष्मकालीन समय में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या नहीं आयी है. अत: ग्राम का नाम बताने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में हरिहर छत्तीसगढ़ योजना के तहत् पौध रोपण

13. (क्र. 356) **श्री जनकराम वर्मा :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत् जनवरी 2016 से 28.11.2017 तक कितने पौधों का रोपण किया गया है ? इसके लिए कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त अवधि में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत् पौध रोपण के लिए जिले में कितनी राशि की मांग की गई थी जिसके एवज में वन विभाग द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया गया ? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) एवं (ख) जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

जिला राजनांदगांव में वन विभाग में कार्यों स्वीकृति

14. (क्र. 363) **श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला राजनांदगांव में वन विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 व 2016-17 में कितने-कितने पुल, पुलिया, नाला, सड़क, भवन, फेंसिंग कार्य एवं साइन बोर्ड पेंटिंग कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है ? स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण है, कितने कार्य अपूर्ण हैं एवं कितनी लागत स्वीकृत किए गए है ? वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है.

---

† परिशिष्ट "बीस" †† परिशिष्ट "इक्कीस" ‡ परिशिष्ट "बाईस"

विकासखण्ड चौकी, मोहला एवं मानपुर में हैंडपंपों का खनन

15. (क्र. 364) **श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2014-15, 2015-16 व 2016-17 में राजनांदगांव जिले में विकासखंड चौकी, मोहला, मानपुर में कितने हैण्ड पम्पों का खनन किया गया है ? (ख) कितने हैण्ड पम्प चालू हालत में है ? कितने हैण्ड पम्प बंद है ? कितने हैण्ड पम्पों का पानी पीने योग्य नहीं है ? विकासखंडवार एवं ग्रामवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) वर्ष 2014-15, 2015-16 व 2016-17 में राजनांदगांव जिले में विकासखंड चौकी, मोहला, मानपुर में खनन किये गये हैण्डपम्पों (नलकूपों) की जानकारी निम्नानुसार है :—

वर्ष	विकासखण्ड				सफल	स्थापित	स्थापित
	चौकी	मोहला	मानपुर	कुल	नलकूप	नलकूप	पावर पंप
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
2014-15	71	72	109	252	229	200	29
2015-16	66	38	107	211	185	168	17
2016-17	39	36	71	146	129	119	10
कुल	**176**	**146**	**287**	**609**	**543**	**487**	**56**

(ख) स्थापित किये गये समस्त 487 हैण्डपम्प चालू हालत में है. कोई भी हैण्डपम्प बंद नहीं है. हैण्डपम्प का पानी पीने योग्य नहीं की संख्या निरंक है. विकासखण्डवार एवं ग्रामवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई में संचालित राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं

16. (क्र. 378) **श्री विद्यारतन भसीन :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 से अक्टूबर, 2017 तक नगर पालिक निगम भिलाई में राज्य प्रवर्तित योजनाएं, केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं, अमृत मिशन योजनाएं एवं अधोसंरचना मद में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? स्वीकृत कार्यों की, स्वीकृत राशि, कार्यस्थल एवं कार्य की अद्यतन स्थिति की पूर्ण योजनावार जानकारी दें ? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार योजनानुसार स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण है एवं कितने अपूर्ण हैं ? पूर्णता की तिथि की जानकारी दें ? (ग) अपूर्ण कार्यों के लिये दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) से (ग) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

दुर्ग शहर से रायपुर शहर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-06 फोरलेन पर सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौत

17. (क्र. 379) **श्री विद्यारतन भसीन :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग शहर से रायपुर शहर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-06 फोरलेन पर जनवरी 2016 से अक्टूबर 2017 तक कुल कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई एवं इसमें कितने लोगों की मौत हुई ? थानावार जानकारी दें ? (ख) क्या उक्त मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु बायपास रोड निर्माण की योजना है ? यदि हां तो जानकारी दें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) प्रश्नाधीन अवधि तक दुर्ग शहर से रायपुर शहर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-06 फोरलेन पर कुल 1078 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 268 लोगों की मौत हुई. थानावार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जी हां. भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली की प्रस्तावित भारतमाला योजना में बायपास का निर्माण सम्मिलित है.

† परिशिष्ट "तेईस" †† परिशिष्ट "चौबीस" ‡ परिशिष्ट "पच्चीस"

सरायपाली एवं बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल व्यवस्था हेतु स्वीकृत राशि

18. (क्र. 385) **श्री रामलाल चौहान :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरायपाली एवं बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 15.11.2017 तक की स्थिति में पेयजल व्यवस्था हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई ? तथा कितना व्यय किया गया? (ख) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में फ्लोराईड युक्त पानी के कितने प्रकरण आये हैं ? (ग) विभाग द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) सरायपाली एवं बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 15.11.2017 तक की स्थिति में पेयजल व्यवस्था हेतु कुल रुपये 776.26 लाख राशि स्वीकृत की गई है, जिसके विरूद्ध कुल रुपये 301.08 लाख व्यय किया गया है. विधानसभावार स्वीकृत राशि एवं व्यय की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. (ख) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में फ्लोराईड युक्त पानी के 4 प्रकरण आये हैं. (ग) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्रों के 4 ग्रामों के 4 पेयजल स्रोत को कैप कर 4 फ्लोराईड रिमूव्हल प्लांट की स्थापना हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है. जो † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम क्रमांक-11 में दर्शित अनुसार है. उपरोक्त फ्लोराईड प्रभावित ग्रामों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था है, जिसकी जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम क्रमांक-6, 7 एवं 8 में दर्शित अनुसार है.

विधान सभा क्षेत्र कांकेर के नगरीय निकायों हेतु स्वीकृत राशि

19. (क्र. 393) **श्री शंकर ध्रुवा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर विधान सभा क्षेत्र में किन-किन नगरीय निकायों को विकास कार्यों हेतु विगत 02 वर्ष से माह नवम्बर 2017 तक कुल कितनी-कितनी राशि किस-किस मद में प्रदाय की गई ? नगरीय निकायवार जानकारी देवें ? (ख) प्रदत्त राशि से कुल कितने कार्य पूर्ण किए गए है एवं कितने अपूर्ण है ? नगरीय निकायवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

प्रदेश में आबकारी वेयर हाऊस की संख्या

20. (क्र. 425) **डॉ. विमल चोपड़ा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में आबकारी विभाग के कितने वेयर हाऊस है ? जिलेवार संख्या बताएँ ? (ख) क्या प्रदेश में शासकीय आबकारी वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी की शिकायत प्राप्त हुयी है ? यदि हां तो कहाँ कहाँ से ? (ग) प्रदेश के कितने शासकीय आबकारी वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी को पकड़ा गया ? स्थान सहित बताएँ दोषी पर क्या कार्यवाही की गई है ? (घ) वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी को रोकने हेतु क्या क्या उपाय किये गये?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रदेश में आबकारी विभाग के वेयर हाऊस की जिलेवार की जानकारी परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. (ख) प्रदेश में शासकीय आबकारी वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी की 03 शिकायतें प्राप्त हुई है. उक्त शिकायतें जिला महासमुंद से प्राप्त हुई है. (ग) प्रदेश के शासकीय आबकारी वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी के कोई प्रकरण नहीं होने से जानकारी निरंक है. (घ) वेयर हाऊस से शराब की अवैध निकासी को रोकने हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाये गये है. मदिरा का आमद-प्रदाय ऑनलाईन माध्यम से किया जा रहा है. वेयर हाऊस में आबकारी अधिकारी पदस्थ रहते हैं एवं समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है.

प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा संचालित पेट्रोल पम्प

21. (क्र. 426) **डॉ. विमल चोपड़ा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा कितने पेट्रोल पंप कहाँ कहाँ पर संचालित हैं ? (ख) इनमें कितने कर्मचारी कार्यरत है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा 24 पेट्रोल पम्प संचालित है. जानकारी निम्नानुसार है :—

1.	जिला रायपुर	-	1	11.	जिला जगदलपुर	-	1
2.	जिला दुर्ग	-	3	12.	जिला बीजापुर	-	3

† परिशिष्ट "छब्बीस" †† परिशिष्ट "सत्ताईस" ‡ परिशिष्ट "अट्ठाईस"

3.	जिला राजनांदगांव	-	1	13.	जिला कांकेर	-	1
4.	जिला महासमुंद	-	1	14.	जिला सुकमा	-	1
5.	जिला गरियाबंद	-	1	15.	प्रथम वाहिनी भिलाई	-	1
6.	जिला बिलासपुर	-	1	16.	दूसरी वाहिनी बिलासपुर	-	1
7.	जिला रायगढ़	-	1	17.	तीसरी वाहिनी अमलेश्वर	-	1
8.	जिला जांजगीर-चांपा	-	1	18.	नवमी वाहिनी दंतेवाड़ा	-	1
9.	जिला कोरबा	-	1	19.	दसवीं वाहिनी सूरजपुर	-	1
10.	जिला सरगुजा	-	1	20.	बारहवीं वाहिनी बलरामपुर	-	1

(ख) उपरोक्त पेट्रोल पम्पों में कुल 309 कर्मचारी कार्यरत् हैं.

बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों तथा नगरीय निकायों में खारे पानी की समस्या का निराकरण

22. (क्र. 441) **श्री अवधेश सिंह चंदेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन से ग्रामों एवं नगरीय निकायों में खारे पानी की समस्या है ? उक्त ग्रामों में खारे पानी की समस्या के निदान हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई ? (ख) वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवंबर 2017 तक खारे पानी की समस्या के निदान हेतु शासन द्वारा कितनी राशि कब-कब स्वीकृत की गई ? उक्त राशि से क्या-क्या कार्य कराये गये एवं कितनी राशि व्यय की गयी ? (ग) खारे पानी की समस्या का निदान कब तक कर लिया जावेगा ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत खारे पानी की समस्याग्रस्त ग्रामों एवं नगरीय निकाय की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. उक्त ग्रामों में खारे पानी की समस्या के निदान हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" के कॉलम क्रमांक-6, 7, 8, 9 एवं 10 में दर्शित अनुसार है. बेमेतरा शहरीय क्षेत्र के लिए सतही स्रोत पर आधारित 3.7 एम.एल.डी. क्षमता की जल आवर्धन योजना का कार्य प्रगति पर है जिससे आंशिक जल प्रदाय प्रारंभ हो चुकी है. (ख) वित्तीय वर्ष 2013-14 से नवम्बर 2017 तक खारे पानी की समस्या के निदान हेतु स्वीकृत राशि एवं किये गये कार्य एवं व्यय राशि का विवरण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से † संलग्न प्रपत्र "स" एवं आर. ओ. प्लांट के माध्यम से † संलग्न प्रपत्र "द" में दर्शित अनुसार है. (ग) खारे पानी की समस्या से प्रभावित ग्राम खम्हरिया साजा समूह नलजल प्रदाय योजना में शामिल है, इस योजना से दिनांक 15.01.2017 से जल प्रदाय प्रारंभ किया गया है. इसी प्रकार बेमेतरा समूह जल प्रदाय योजना में सम्मिलित खारे पानी से प्रभावित ग्रामों में सभी कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं ट्रायल रन व टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है.

जिला कोरबा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु जारी प्रशासकीय स्वीकृति

23. (क्र. 446) **श्री केशव चन्द्रा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कोरबा में वित्तीय वर्ष 2014-15 से 30.09.2017 तक किस-किस विकासखण्डों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया गया है ? (ख) क्या प्रश्नांश "क" से संबंधित कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के बाद एक ही प्रशासकीय स्वीकृति से कूट रचना कर कई बार भुगतान करने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** (क) जिला कोरबा में वित्तीय वर्ष 2014-15 से 30.09.2017 तक क्रमश:-करतला, कटघोरा, कोरबा, पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्डों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया गया है. (ख) जी हां. शिकायत की जांच हेतु विभाग के आदेश क्रमांक-एफ 4-48/2016/34-1 दिनांक 01.08.2016 के माध्यम से जांच समिति का गठन किया गया है. समिति द्वारा जांच प्रगति पर है. जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.

जिला बालोद में टयूबवेल एवं हैण्डपंप खनन की स्वीकृति

24. (क्र. 458) **श्री भैयाराम सिन्हा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2015-16 से 2017-18 में 29 नवम्बर, 2017 तक बालोद जिले में कितने टयूबवेल तथा हैण्डपंप खनन की स्वीकृति दी गई है ? कितने ट्यूबवेल तथा हैण्डपंपों का संधारण किया गया एवं संधारण कार्य में कितना व्यय हुआ ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी देवें. (ख) उक्तावधि तक कितने ट्यूबवेल तथा हैण्डपंप

† परिशिष्ट "उन्तीस"

से आयरन एवं फ्लोराइडयुक्त पानी निकलने की पुष्टि हुई है ? इसकी रोकथाम हेतु विभाग द्वारा क्या उपाय किये गये हैं एवं इस कार्य में कितना व्यय किया गया है ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी देवें.

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) वर्ष 2015-16 से 2017-18 में 29 नवम्बर, 2017 तक बालोद जिले में 751 नग नलकूप (ट्यूबवेल) की स्वीकृति दी गई है. जिसकी वर्षवार, विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"अ" में दर्शित अनुसार है. उक्त अवधि में 9617 नग हैण्डपंपों का संधारण किया गया एवं संधारण कार्य में रु. 329.20 लाख का व्यय हुआ. वर्षवार, विकासखण्डवार कुल ग्रामों की संख्या, कुल संधारित हैण्डपम्पों की संख्या एवं कुल व्यय की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"ब" में दर्शित अनुसार है. वर्षवार, विकासखण्डवार, ग्रामवार संधारित हैण्डपंपों की संख्या एवं ग्रामवार व्यय की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" में दर्शित अनुसार है. (ख) उक्त अवधि में बालोद जिले के 61 नग ट्यूबवेल/हैण्डपम्पों में आयरन की अधिकता पायी गयी एवं किसी भी ट्यूबवेल/हैण्डपम्प में फ्लोराईड की अधिकता नहीं पायी गयी. आयरन आधिक्य से प्रभावित 61 ट्यूबवेल/हैण्डपम्प वाले बसाहटों में शुद्ध जल के अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध होने के कारण उक्त अवधि में आयरन रिमूव्हल प्लांट स्थापना की संख्या निरंक एवं व्यय निरंक है. अत: विकासखण्डवार एवं ग्रामवार जानकारी दिये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बोर, हैण्डपंप तथा स्थल नल जल की संख्या

25. (क्र. 472) **श्री गिरवर जंघेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड, छुईखदान, खैरागढ़ क्षेत्र में हैण्डपंप, बोर व स्थल नल जल की संख्या कितनी है ? (ख) 30 नवम्बर 2017 की स्थिति में कितने हैण्डपंप बोर व स्थल नल जल चालू स्थिति में है ? कितने हैण्डपंप, बोर व स्थल नल जल बंद है ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड छुईखदान, खैरागढ़ क्षेत्र में हैण्डपंप, बोर (पावर पंप) व स्थल नल जल की संख्या निम्नानुसार है :—

क्र.	विकासखण्ड	हैंडपंप की संख्या	बोर (सिंगल फेस पावर पंप) की संख्या	स्थल जल की संख्या	नलजल की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	छुईखदान	1787	133	50	34
2.	खैरागढ़	877	24	33	25
	कुल	**2664**	**157**	**83**	**59**

(ख) 30 नवंबर 2017 की स्थिति में चालू एवं बंद हैण्डपंप, बोर (सिंगल फेस पावर पंप) व स्थल, नलजल की विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

क्र.	विकासखण्ड	हैंडपंप		बोर (सिंगल फेस पावर पंप)		स्थल जल		नलजल	
		चालू	बंद	चालू	बंद	चालू	बंद	चालू	बंद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1.	छुईखदान	1772	15	27	106	44	06	34	0
2.	खैरागढ़	846	31	19	05	32	01	24	01
	कुल	**2618**	**46**	**46**	**111**	**76**	**7**	**58**	**01**

बस्तर जिले में ग्रामीणों द्वारा वनों की कटाई पर कार्यवाही

26. (क्र. 488) **श्री दीपक बैज :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में वन परिक्षेत्र माचकोट के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 में माह नवम्बर 2017 तक ग्राम कावापाल में ग्रामीणों के द्वारा वनों की कटाई से संबंधित कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? (ख) उक्त कटाई में कितने ग्रामीणों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) एवं (ख) कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 56 ग्रामीणों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है.

ग्रीन इण्डियन मिशन के तहत माकड़ी वन परिक्षेत्र में पौधा रोपण कार्य

27. (क्र. 492) **श्री मोहन मरकाम :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) ग्रीन इण्डियन मिशन के तहत वर्ष 2015-16 व 2016-17 में दक्षिण वन मण्डल कोण्डागांव के माकड़ी वन परिक्षेत्र में किस-किस प्रजाति के कितने हेक्टेयर में पौधा रोपड़ का कार्य कराया गया ? पौधों के जीवित होने का सत्यापन किसके द्वारा कब किया गया, कितने मृत व जीवित पाये गये ? (ख) कंडिका "क" के अनुसार उक्त पौधा रोपण व निंदाई-गुड़ाई के लिए मजदूरी तथा सामग्री पर कितना व्यय किया गया ? किस दर से मजदूरी राशि का भुगतान किया गया ? वर्षवार बीटवार ब्यौरा देवें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) ग्रीन इंडिया मिशन के तहत वर्ष 2015-16 व 2016-17 में दक्षिण कोण्डागांव वनमण्डल के माकड़ी वन परिक्षेत्र में सुबबूल, नीम, इमली, बीजा, सिन्दुरी, करंज, शिशु, आंवला, कुल्लू, अकेसिया, खम्हार, अर्जुन, महुआ, नीलगिरी एवं साल प्रजाति के 450 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य कराया गया है. पौधों के जीवित होने का सत्यापन उप वनमंडालधिकारी पूर्व कोण्डागांव एवं परिक्षेत्र अधिकारी माकड़ी द्वारा 21.09.2017 को किया गया. सत्यापन में 24,200 पौधे मृत व 1,55,800 पौधे जीवित पाये गये. (ख) पौधारोपण निंदाई, गुड़ाई की मजदूरी व सामग्री पर किए गए व्यय की जानकारी वर्षवार व बीटवार निम्नलिखित है :—

बीट	वर्ष 2015-16 (रु. मे)		वर्ष 2016-17 (रु. में)	
	मजदूरी	सामग्री	मजदूरी	सामग्री
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
भतवा	-	1090310	540000	13307
बागबेड़ा	-	1114582	540000	15000
लूभा	-	545122	270000	6968
मगेदा	-	2252173	1080000	30000
	योग	**50,02,187**	**24,30,000**	**65,275**

वर्ष 2015-16 में रु. 223.00 तथा वर्ष 2016-17 में रुपये 235.00 प्रति मानक दिवस के दर से मजदूरी का भुगतान किया गया.

जिला राजनांदगांव में अवैध लकड़ी की कटाई की प्राप्त शिकायतें

28. (क्र. 496) **श्री भोलाराम साहू :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत वर्ष 2015-16 से वर्ष 2017-18 में अक्टूबर 2017 तक निजी स्वामित्व की जमीन एवं वन विभाग की जमीन से इमारती लकड़ी की अवैध कटाई की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? एवं विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) के अनुसार अवधि एवं क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के कितने प्रकरण दर्ज किए गए है ? (ग) प्रश्नांश (क) के अनुसार अवधि एवं क्षेत्र में अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर कितनी इमारती लकड़ी की कटाई एवं परिवहन की गई ? वर्षवार विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) राजनांदगांव जिले के अंतर्गत वर्ष 2015-16 से वर्ष 2017-18 में अक्टूबर 2017 तक निजी स्वामित्व की जमीन एवं वन विभाग की जमीन से ईमारती लकड़ी की अवैध कटाई की 27 शिकायतें प्राप्त हुई. प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की विधानसभावार जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) प्रश्नांश (क) के अनुसार अवधि एवं क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के 42 प्रकरण दर्ज किये गये. (ग) प्रश्नांश (क) के अनुसार अवधि एवं क्षेत्र में अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ईमारती लकड़ी की कटाई एवं परिवहन की वर्षवार, विधानसभावार जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है.

† परिशिष्ट "तीस"

इन्वेस्टर्स मीट में किये गये एम.ओ.यू.

29. (क्र. 512) **डॉ. प्रीतम राम :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2014-15 से 2017-18 में देश एंव विदेश में कितने स्थानों पर शासन द्वारा "इन्वेस्टर्स मीट" आयोजित की गयी ? उन सभी कार्यक्रमों में कितनी राशि का व्यय हुआ ? (ख) उक्त अवधि में कितने एम.ओ.यू. किये गये ? तथा राज्य में कितनी नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हुई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) वर्ष 2014-15 से वर्ष 2017-18 मे देश व विदेश में 18 शहरों में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गयी. इन कार्यक्रमों में 1.84 करोड़ राशि का व्यय हुआ. (ख) उपरोक्त (क) में दी गयी अवधि में उद्योग विभाग द्वारा 66 एम.ओ.यू. निष्पादित किये गये तथा राज्य में 2697 नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हुई.

बिलासपुर में निर्माणाधीन अंडर ग्राउड सीवरेज योजना की लागत एवं पूर्णता अवधि

30. (क्र. 513) **डॉ. प्रीतम राम :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर में निर्माणाधीन अंडर ग्राउंड सीवरेज योजना कब आरंभ की गई थी ? उसकी मूल लागत कितनी थी ? तथा कब पूर्णता का लक्ष्य था ? (ख) योजना का कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है ? वर्तमान में पुनरीक्षित लागत कितनी है तथा योजना की पूर्णता संभावित तिथि क्या है ? (ग) योजना अंतर्गत जिन परिवारों को कनेक्शन दिया जाना था ? उनमें से कितने परिवारों को कनेक्शन दिया जा चुका है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) बिलासपुर में निर्माणाधीन अंडर ग्राउन्ड सीवरेज योजना दिनांक 03.10.2008 को आरंभ की गई थी. जिसकी मूल लागत राशि रु. 310.25 करोड़ थी तथा योजना पूर्णता हेतु 02 वर्ष का लक्ष्य था. (ख) योजना का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है. वर्तमान में पुनरीक्षित लागत राशि रु. 422.94 करोड़ है तथा योजना की पूर्णता की संभावित तिथि जून 2018 है. (ग) योजना अंतर्गत जिन परिवारों को कनेक्शन दिया जाना था, उनमें से 4225 परिवारों को कनेक्शन दिया जा चुका है.

अभनपुर विकासखण्ड के पेयजल समस्या मूलक ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति

31. (क्र. 519) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले की अभनपुर विकासखण्ड की पेयजल समस्यामुलक ग्रामों सिवनी नायकबांधा घोरभठठी परसुलीडीह तेन्दुवा एवं पारागांव में पेयजल आपूर्ति हेतु क्या विभाग द्वारा कोई योजना बनायी गई है ? यदि हां तो कौन-कौन से ग्रामों के लिए कितनी-कितनी राशि की योजना बनायी गई है ? इन योजनाओं की स्वीकृति कब तक दी जावेगी ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) **:** जी हां. ग्राम सिवनी, नायकबांधा, घोरठ्ठी, परसुलीडीह, तेन्दुवा एंव पारागांव में पेयजल आपूर्ति हेतु योजना बनाई गई है. ग्रामवार प्रस्तावित राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है. योजनाओं की स्वीकृति संबंधी जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कॉलम-5 में दर्शित अनुसार है.

---

† परिशिष्ट "इक्तीस"

अतारांकित प्रश्नोत्तर

सक्ती विधान सभा क्षेत्र में जल आवर्धन योजना हेतु स्वीकृत राशि

1. (क्र. 13) **डॉ. खिलावन साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि सक्ती विधान सभा क्षेत्र में किन-किन निकायों में जल आवर्धन योजना हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है? स्वीकृति दिनांक एवं पूर्णता तिथि क्या है ? कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? निकायवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** सक्ती विधान सभा क्षेत्र में जल आवर्धन योजना हेतु स्वीकृत की गई राशि, दिनांक, पूर्णता की तिथि एवं अद्यतन स्थिति निकायवार निम्नानुसार है :-

निकाय	राशि रु. (लाख में)	स्वीकृति दिनांक	कार्य पूर्णता तिथि	अद्यतन स्थिति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
नगर पालिका सक्ती			-	
नगर पंचायत नया बाराद्वार	321.96	10-03-15	10-03-17	2 नग नलकूप खनन एवं 2 नग जलागार निर्माण का कार्य पूर्ण. डीआई पाईप लाईन बिछाने का कार्य शेष.
नगर पंचायत सारागांव	212.02	19-10-11	03-08-15	02 नग नलकूप खनन एवं 01 नग उच्च स्तरीय जलागार निर्माण का कार्य पूर्ण. 8955 मीटर डक्टाईल आयरन पाईप का कार्य पूर्ण तथा 3700 मीटर पाईप लाईन का कार्य शेष है.

नगर पंचायत धरमजयगढ़ में शौचालय निर्माण

2. (क्र. 46) **श्री लालजीत सिंह राठिया :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नगर पंचायत धरमजयगढ़ में वर्ष 2016 से नवम्बर, 2017 तक की अवधि में कितने शौचालयों का निर्माण किया गया है ? (ख) कितने निर्माण कार्य शेष है ? क्या शौचालय निर्माण नहीं होने के बावजूद राशि आहरण एवं घटिया शौचालय निर्माण की शिकायत विभाग से प्राप्त हुई है ? यदि हां तो दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) **:** (क) नगर पंचायत धरमजयगढ़ में वर्ष 2016 से नवंबर, 2017 तक की अवधि में 1904 नग शौचालयों का निर्माण किया गया है. (ख) 37 नग शौचालयों का निर्माण शेष है. शौचालय निर्माण नहीं होने के बावजूद राशि आहरण एवं घटिया शौचालय निर्माण की कोई भी शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई है.

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा जन-धन हानि का मुआवजा

3. (क्र. 47) **श्री लालजीत सिंह राठिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी, 2017 से नवम्बर 2017 तक की स्थिति में जंगली हाथियों द्वारा मारे गये लोगों को तथा/मकान एवं फसलों की हुई क्षति के कितने प्रकरण विभाग को प्राप्त हुए हैं ? (ख) प्रभावित परिवार को शासन द्वारा कितनी-कितनी मुआवजा राशि प्रदान की गई है ? कितना मुआवजा राशि देना शेष है ? (ग) हाथियों के स्थायी समाधान हेतु शासन द्वारा क्या-क्या कार्य योजना बनायी गयी है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) **:** (क) धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2017 से नवम्बर 2017 तक की स्थिति में जंगली हाथियों के द्वारा मारे गये लोगों के, मकान क्षति के, एवं फसल क्षति के कुल 5064 (पांच हजार चौसठ) प्रकरण विभाग को प्राप्त हुये हैं.

(ख) प्रभावित परिवारों को जनहानि के प्रकरणों में राशि रुपये 44,00,000/- (रु. चौवालिस लाख मात्र), मकान क्षति के प्रकरणों में राशि रुपये 1,39,06,593/- (रु. एक करोड़ उनचालिस लाख छः हजार पांच सौ तिरानबे मात्र) एवं फसल क्षति के प्रकरणों में राशि रुपये 2,20,53,424/- (रु दो करोड़ बीस लाख तिरपन हजार चार सौ चौबीस मात्र) भुगतान की गई है. प्रभावित परिवारों को जन हानि के प्रकरण में रु. 4,00,000/- (रु. चार लाख मात्र), मकान क्षति के प्रकरण रु. 11,28,976/- (रु. ग्यारह लाख अठाईस हजार नौ सौ छिहत्तर मात्र) एवं फसल क्षति के प्रकरण में रु. 80,00,915/- (रु. अस्सी लाख नौ सौ पन्द्रह मात्र) मुआवजा राशि देना शेष है. (ग) हाथियों के स्थायी समाधान हेतु शासन द्वारा निम्नानुसार योजना बनाई गई है :- 1. हाथी प्रभावित गांवों में गीतों/नुक्कड़ नाटकों, द्वार-द्वार प्रचार, रैली, कार्यशाला, इत्यादि के माध्यम से हाथी मानव द्वंद को कम करने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस कार्य में अन्य विभागों एवं संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है. बचाव के उपायों से चित्रों तथा पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है. प्रभावित गांवों में संयुक्त वन प्रबंधन समिति/हाथी मित्र दल को प्रशिक्षित किया जा रहा है. साथ ही उन्हें विभिन्न तकनीक का उपयोग कर हाथी-मानव ,द्वंद कम करने हेतु संसाधन भी उपलब्ध कराया जा रहा है. 2. आकाशवाणी केन्द्र के माध्मय से हाथी के विचरण की जानकारी प्रतिदिन प्रसारित की जा रही है ताकि जिन क्षेत्रों में हाथी विचरण कर रहे है, वहां के ग्रामवासियों को हाथी की उपस्थिति की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो जाये तथा हाथी से बचाव की प्रभावी कार्यवाही सुनिचित की जा सके. 3. हाथी प्रभावित क्षेत्रों के वन कर्मचारियों द्वारा गस्त कर सतत् निगरानी रखी जा रही है. 4. हाथी रहवास एवं कॉरीडोर क्षेत्र के विकास हेतु जल स्रोतों का निर्माण, फलदार वृक्षों का रोपण, चारागाह का विकास कार्य, अग्नि सुरक्षा इत्यादि कार्य कराया जा रहा है. 5. हाथी द्वारा की गई क्षति से प्रभावित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जा रहा है. छत्तीसगढ़, शासन, वन विभाग की ओर से हाथी एवं अन्य हिंसक वन्यप्राणियों द्वारा पशुओं एवं मनुष्यों को क्षति पहुंचाये जाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति/सहायता राशि में वृद्धि कर क्षतिपूर्ति की राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई है :-

क्रमांक (1)	विवरण (2)	क्षतिपूर्ति/सहायता राशि (3)
1.	जनहानि (मृत्यु होने पर)	रु. 4,00,000/- (रुपये चार लाख)
2.	स्थायी रूप से अपंग होने पर	रु. 2,00,000 (रुपये दो लाख)
3.	जनघायल होने पर	रु. 59,100/- (रुपये उन्सठ हजार एक सौ की अधिकतम सीमा तक)
4.	पशु हानि होने पर	रु. 30,000/- (रुपये तीस हजार की अधिकतम सीमा तक)

6. छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के पत्र दिनांक 11-09-2015 द्वारा जारी निर्देशानुसार हाथी द्वारा जनहानि प्रकरणों में तत्कालिक सहायता के रूप में पीड़ित के परिजनों को न्यूनतम राशि रुपये 25,000/- प्रदाय किया जा रहा है. 7. छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के परिपत्र दिनांक 08-07-2016 के द्वारा प्रदेश के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जंगली हाथियों से प्रभावित किसानो को क्षतिपूर्ति भुगतान रु. 9000/- प्रति एकड़ की दर से आर. बी. सी. (राजस्व पुस्तक परिपत्र में) के प्रावधानों के अंतर्गत भुगतान करने पश्चात् प्रति एकड़ अंतर की राशि का भुगतान कैम्पा मद से किया जा रहा है. 8. हाथी समस्या की रोकथाम हेतु भारतीय वन्यप्राणी संस्थान, देहरादून एवं अन्य राज्यों के विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है. 9. हाथी राहत एवं पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की जा रही है, जिसमें समस्या मूलक हाथी को पकड़कर सुधार हेतु रखा जावेगा.

पेयजल व्यवस्था हेतु स्वीकृत नल जल/जल आवर्धन योजना

4. (क्र. 62) **श्री अशोक साहू** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी 2014-15 से 30 अक्टूबर 2017 तक पेयजल व्यवस्था के लिये कितनी जल आवर्धन योजना, कितनी नल जल योजना एवं कितने सौर ऊर्जा चलित ट्यूब वैल स्वीकृत किये गये है ? कितने कार्य पूर्ण है, कितने अपूर्ण है, अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण किये जायेंगे ? (ख) वर्तमान में सौर ऊर्जा चलित कितने टयूबवेल बंद पड़े है ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) जनवरी 2014-15 से 30 अक्टूबर 2017 तक पेयजल व्यवस्था के लिए 166 जल आवर्धन योजना, 724 नलजल योजना एवं 4330 सौर ऊर्जा चलित ट्यूबवेल स्वीकृत किये गये है. उपरोक्त स्वीकृत कार्यों में पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र. (1)	योजना का विवरण (2)	कुल (3)	पूर्ण (4)	अपूर्ण (5)
1.	जल आवर्धन योजना	166	100	66
2.	नल जल योजना	724	440	284
3.	सौर ऊर्जा चलित ट्यूबवेल	4330	1918	2412

अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. (ख) वर्तमान में105 सौर ऊर्जा चलित ट्यूबवेल बंद है. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

कवर्धा विकासखण्ड में पेयजल हेतु सोलर पंप की स्थापना

5. (क्र. 63) **श्री अशोक साहू** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कवर्धा विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में कितने सोलर पंप लगाने का लक्ष्य है ? कितने स्थापित कर दिये गये है ? कितने स्थापित किये जाना शेष है ? कृपया वर्षवार विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : कवर्धा विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में सोलर पंप लगाने का कोई भी लक्ष्य निर्धारित नहीं है. अत: कितने स्थापित एवं कितने स्थापित किया जाना शेष की जानकारी दिये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

राज्य में जीएसटी व एसजीएसटी से प्राप्त राजस्व

6. (क्र. 115) **श्री अमित अजीत जोगी** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छत्तीसगढ़ में जीएसटी लागू होने के बाद एसजीएसटी के मद में 27-11-2017 तक राज्य को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : छत्तीसगढ़ में जीएसटी लागू होने के बाद एसजीएसटी के मद में 27-11-2017 तक राज्य को रु. 1259.74 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है.

जिला दुर्ग के तहसीलो में नोटरी के स्वीकृत पद

7. (क्र. 156) **राजमहंत सांवलाराम डाहरे** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले अंतर्गत कितने तहसील हैं और उन तहसीलों में कितने नोटरी के पद स्वीकृत हैं ? तहसील का नाम सहित बतावें ? (ख) नोटरी के स्वीकृत पदों के आधार पर वर्तमान में कितने नोटरी कार्य कर रहे हैं, बतावें ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) दुर्ग जिले के अंतर्गत 03 तहसीलें हैं एवं 01 उपतहसील है और उन तहसीलों में नोटरी के 33 पद स्वीकृत हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

दुर्ग जिले के अंतर्गत तहसील/उप तहसील	नोटरी के स्वीकृत पद
दुर्ग	26
धमधा	03
पाटन	04
भिलाई-3	स्वीकृत नहीं
कुल	33

(ख) नोटरी के कुल स्वीकृत 33 पदों में से वर्तमान में 32 नोटरी कार्यरत हैं.

† परिशिष्ट "बत्तीस"

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के नगरीय क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं हेतु निर्मित पानी टंकी

8. (क्र. 157) **राजमहंत सांवलाराम डाहरे** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरों में पेयजल की पूर्ति हेतु कितनी क्षमता वाली उच्चस्तरीय कितनी पानी टंकी निर्मित है ? (ख) क्या निर्मित पेयजल टंकी से नगरों में पूरे वर्ष पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो जाती है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत :- 1. नगर पालिका अहिवारा क्षेत्र में कुल 3 टंकी क्रमशः 1 नग 5.00 लाख लीटर, एवं 2 नग 2.50 लाख लीटर, क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्मित है. 2. नगर पालिका जामुल क्षेत्र में कुल 4 टंकी क्रमश : 8.00 लाख लीटर, 2.00 लाख लीटर, 4.60 लाख लीटर एवं 1.50 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्मित है. 3. नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र में कुल 5 टंकी क्रमशः 4 नग 3.00 लाख लीटर, एवं 1 नग 4.50 लाख लीटर, उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्मित है. (ख) जी, नहीं.

प्रदेश में आत्महत्या के दर्ज प्रकरण

9. (क्र. 172) **श्री अमरजीत भगत** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2015-16 से 30 अक्टूबर, 2017 तक किस-किस जिले में कितनी-कितनी संख्या में आत्महत्या के प्रकरण दर्ज किये गये ? (ख) वर्णित अवधि में आत्महत्या किए गए लोगों में से कितने लोग किसान थे तथा कितने अन्य लोग थे ? (ग) प्रश्नांक "क" में वर्णित लोगों में से कितने लोगों ने आर्थिक तंगी एवं कितने लोगों ने कर्जदारी से पीड़ित होकर आत्महत्या किया ? सरकार द्वारा इन मृतकों के परिवारों को कितनी-कितनी सहायता राशि दी गई ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रश्नाधीन अवधि तक आत्महत्या के कुल-14705 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. जिलेवार जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) वर्णित अवधि में आत्महत्या करने वाले में से कुल 1344 लोग किसान थे एवं 13361 अन्य लोग थे. (ग) आर्थिक तंगी के कारण 13 एवं कर्जदारी से पीड़ित होकर 19 व्यक्तियों द्वारा आत्महत्या की गई हैं. शासन द्वारा 25 मृतक के परिजनों को 16,35,924/- रुपये (सोलह लाख पैंतीस हजार नौ सौ चौबीस रु.) की राहत राशि दी गई है. जानकारी प्रपत्र "ब" पर †संलग्न है.

जिला कोण्डागांव में यात्री/माल वाहक वाहनों में जुर्माना वसूली की कार्यवाही

10. (क्र. 185) **श्री संतराम नेताम** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोण्डागांव जिले में वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में कुल कितने यात्री/मालवाहक वाहनों का जुर्माना वसूली की कार्यवाही की गई ? थानेवार जानकारी देवें ? (ख) चालान किए गए वाहनों से प्राप्त जुर्माने की राशि शासन के किस हेड/मद में जमा की गई ? क्या जुर्मानें की राशि में आर्थिक अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि तक कोन्डागांव जिलें में कुल 1276 यात्री वाहनों से 4,41,700/- रुपये (चार लाख इकतालीस हजार सात सौ रु.) तथा कुल 3331 माल वाहक वाहनों से 9,05,700/रुपये (नौ लाख पॉच हजार सात सौ रु.) जुर्माना वसूल किया गया. थानावार जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. (ख) चालान किए गए वाहनों से प्राप्त जुर्मानें की राशि राज्य की संचित निधि राजस्व खाता-प्राप्तियॉं लघु शीर्ष-800 में जमा की गई हैं. जुर्मानों की राशि में आर्थिक अनियिमितता बाबत् कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब विक्रय की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

11. (क्र. 186) **श्री संतराम नेताम** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 में 31 अक्टूबर 2017 तक अवैध शराब विक्रय की कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है ? कृपया ग्रामवार जानकारी देवें ? (ख) उपरोक्त समयावधि में ऐसे कितनी व्यक्ति है जिन पर एक से अधिक बार अवैध शराब विक्रय के प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है ? आरोपियों के नाम व पते की जानकारी देवें ?

† परिशिष्ट "तैंतीस" †† परिशिष्ट "चौंतीस"

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 में 31 अक्टूबर 2017 तक अवैध शराब विक्रय की प्राप्त शिकायतों की ग्रामवार जानकारी निम्नानुसार है :-

वर्ष (1)	प्राप्त शिकायतों की संख्या (2)	ग्राम का नाम (3)
2015-16	1	फरसगांव
	2	भुमका
	1	मोहलई
	1	कोरगांव
	1	बड़ेडोंगर
	1	ओडेंगा
2016-17	1	मुखेन्ड
2017-18	1	रोगाडीह
(31 अक्टूबर 2017 तक)	1	तेंदुभाटा

(ख) उपरोक्त समयावधि में एक से अधिक बार अवैध शराब विक्रय करने वाले व्यक्तियों की संख्या निरंक है.

जांजगीर-चांपा विधान सभा क्षेत्र के नगरीय निकायों में हितग्राहियों को पेंशन वितरण

12. (क्र. 208) **श्री मोतीलाल देवांगन** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर चांपा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत नवागढ़ नगर पालिका जांजगीर नैला एवं चांपा नगर के किन-किन हितग्राहियों को किस-किस योजना के तहत पेंशन वितरण कितनी-कितनी राशि का किया जाना शेष है एवं कितनी राशि कितने हितग्राहियों का परिवार कल्याण योजना के तहत 25 नवम्बर 2017 की स्थिति में प्रदाय किया जाना शेष है ? उपरोक्त बकाया राशि कब तक वितरित कर दी जायेगी ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ", "ब", "स" पर है.

भीमा तालाब एवं रामबांधा तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृत राशि

13. (क्र. 209) **श्री मोतीलाल देवांगन** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जांजगीर नगर पालिका द्वारा भीमा तालाब गहरीकरण सफाई सौंदर्यीकरण एवं जल भराव हेतु शासन द्वारा राशि स्वीकृत हुई है ? (ख) उक्त तालाबों में प्रवाहित गंदा पानी की निकासी को रोकने के क्या उपाय किये गये है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जी हॉं. जांजगीर नैला नगर पालिका के भीमा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा डीएमएफ मद से राशि रु. 650.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है. (ख) उक्त तालाब में प्रवाहित गंदा पानी को रोकने के लिए योजना में रिटेनिंग वाल निर्माण करने का प्रावधान किया गया है.

नक्सली घटना में घायलों के उपचार पर व्यय

14. (क्र. 225) **श्रीमती देवती कर्मा** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 25 मई, 2013 को हुई नक्सली हमले में कुल कितने आम नागरिक व कितने जनप्रतिनिधि तथा कितने सुरक्षाकर्मी घायल हुए ? (ख) इनमें से प्रत्येक का उपचार शासन द्वारा कहां-कहां, किस-किस हास्पिटल में कराया गया ? प्रत्येक के उपचार पर कितनी-कितनी राशि खर्च हुई व उस राशि का भुगतान किसके द्वारा किया गया ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) 25 मई 2013 को हुई नक्सली हमले में 23 आम नागरिक व 03 जनप्रतिनिधि तथा 09 सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे. (ख) जानकारी क्रमशः † संलग्न प्रपत्र "अ", "ब" एवं "स" में दर्शित है.

बस्तर जिले में संचालित चौकी/थाने

15. (क्र. 238) **श्री लखेश्वर बघेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में 27-11-17 की स्थिति में कितने चौकी एवं थाने कब से संचालित हैं ? (ख) चौकी एवं थानों के उन्नयन एवं नवीन थाने/चौकी खोले जाने हेतु क्या प्रक्रिया मापदण्ड है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) बस्तर जिले में दिनांक 27-11-2017 की स्थिति में कुल 13 थाने एवं 06 पुलिस चौकी संचालित हैं. जानकारी निम्नानुसार है :-

सरल क्रमांक (1)	थाना/चौकी का नाम (2)	प्रारंभ वर्ष (3)
1.	थाना भानपुरी	1911
2.	थाना लोहण्डीगुड़ा	1912
3.	थाना नगरनार	1912
4.	थाना दरभा	1913
5.	थाना कोतवाली	1942
6.	थाना फ्रेजरपुर	1980
7.	थाना कोडेनार	1981
8.	थाना करपावण्ड	1982
9.	थाना मारडुम	1986
10.	थाना बोधघाट	1992
11.	थाना अजाक	1996
12.	थाना बड़ाजी	2010
13.	थाना बुरगुम	2015
14.	चौकी बकावण्ड	1982
15.	चौकी बस्तर	1982
16.	चौकी घोटिया	2010
17.	चौकी पखनार	2010
18.	चौकी चित्रकोट	2011
19.	चौकी ककनार	2014

(ख) मध्य प्रदेश शासन का आदेश क्र.44/4428/94/बी-3/2 भोपाल, दिनांक 11-01-95 के द्वारा नवीन पुलिस थाना, नवीन पुलिस चौकी हेतु निकटतम थाने से चौकी की दूरी, ग्रामों की संख्या, क्षेत्र की जनसंख्या, क्षेत्रफल एवं पिछले 05 वर्षों में घटित अपराधों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए नवीन पुलिस थाना, नवीन पुलिस चौकी खोले जाने का मापदण्ड निर्धारित किया गया है.

जिला बिलासपुर/मुंगेली में आयरन रिमुवल यूनिट की स्थापना में व्यय राशि

16. (क्र. 347) **श्री सियाराम साहू** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विगत 03 वर्षों में बिलासपुर/मुंगेली जिले में कितने नलकूपों में आयरन रिमुवल यूनिट प्रतिस्थापित की गयी ? (ख) प्रत्येक यूनिट की लागत क्या है ? कितनी राशि व्यय की गई ? कितना भुगतान शेष है ?

† परिशिष्ट "पैंतीस"

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) विगत 03 वर्षों में बिलासपुर जिले में 108 एवं मुंगेली जिले में 59 इस प्रकार कुल 167 नलकूपों में आयरन रिमूव्हल यूनिट प्रतिस्थापित की गयी. (ख) प्रत्येक यूनिट की लागत, व्यय राशि एवं भुगतान शेष की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित अनुसार है.

नगर पंचायत घरघोड़ा के मरम्मत संधारण मद से क्रय सामग्री

17. (क्र. 349) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नगर पंचायत घरघोड़ा में वर्ष 2016-17 में मरम्मत संधारण के तहत पाईप लाईन हेतु कितनी-कितनी सामग्री का क्रय, कब-कब किया गया व कितनी-कितनी राशि खर्च की गयी ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

नगर पंचायत घरघोड़ा के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

18. (क्र. 350) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नगर पंचायत घरघोड़ा के संबंध में वर्ष 2016-17 में कितने शिकायतें नगरीय प्रशासन व जिला प्रशासन को प्राप्त हुई ? (ख) प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) नगर पंचायत घरघोड़ा के संबंध में वर्ष 2016-17 में नगरीय प्रशासन एवं विकास, संचालनालय को 11 एवं जिला प्रशासन को 02 शिकायतें प्राप्त हुई. (ख) संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को प्राप्त 11 शिकायतों में से 04 शिकायतें क्षेत्रीय संयुक्त संचालक को, 01 अधीक्षण अभियंता बिलासपुर को जांच हेतु प्रेषित एवं 01 प्रकरण में जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है. जांच प्रतिवेदन में शिकायत असत्य एवं निराधार प्रतिवेदित की है, जिसके कारण जांच अधिकारी, संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर को अभिलेखों का स्वयं परीक्षण कर प्रतिवेदन विभाग को प्रेषित करने हेतु विभाग के पत्र दिनांक 14-09-2017 को निर्देशित किया गया है. 01 प्रकरण में तत्का. उप अभियंता श्री दीपक अग्रवाल के विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने पर आर्थिक क्षति की जानकारी संयुक्त संचालक बिलासपुर से चाही गई है. 01 प्रकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी घरघोड़ा से प्रतिवेदन चाहा गया है तथा 03 पत्रों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. जिला प्रशासन के 02 प्रकरणों में से 01 पर प्रतिवेदन संचालनालय को प्राप्त, जिसकी विषयवस्तु तत्का. उप अभियंता श्री दीपक अग्रवाल से संबंधित है, जिस पर संयुक्त संचालक से आर्थिक क्षति की जानकारी चाही गयी है तथा 01 प्रकरण पर जांच हेतु अनुविभागीय (राजस्व) घरघोड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है.

दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण का लक्ष्य

19. (क्र. 353) **श्री अरूण वोरा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत दुर्ग जिले में कुल कितने आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं वर्तमान में इनमें से कितने आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है ? (ख) दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत कुल कितने पात्र परिवारों की संख्या है एवं इनमें से कितने परिवारों को मकान बनाने हेतु राशि जारी हो चुकी है ? (ग) इस योजनान्तर्गत बनने वाले आवासों के लिए क्या कोई तय समय-सीमा निर्धारित की गई है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत दुर्ग जिले में प्रावधिक सूची अनुसार कुल 57200 आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं वर्तमान में इनमें से 120 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है. (ख) दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत 20487 पात्र परिवारों की संख्या है एवं इनमें से 589 परिवारों को मकान बनाने हेतु राशि जारी हो चुकी है. (ग) योजनांतर्गत बनने वाले आवासों के लिए वर्ष 2022 तक समय-सीमा निर्धारित की गई है.

दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में अमृत मिशन योजनांतर्गत स्वीकृत राशि

20. (क्र. 354) **श्री अरूण वोरा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग नगर निगम को अमृत

† परिशिष्ट "छत्तीस "

†† परिशिष्ट "सैंतीस "

मिशन योजनांतर्गत कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है ? (ख) इस योजना के अंतर्गत कहाँ-कहाँ पर कौन-कौन से कार्य कराए जाने है (पूर्ण विवरण दें) एवं इन कार्यों पर कितनी राशि खर्च का प्रावधान है ? (ग) वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत कौन-कौन से कार्य प्रारंभ हुई है ? विवरण दें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) दुर्ग नगर निगम को अमृत मिशन योजनांतर्गत कुल राशि रु. 26.11 करोड़ प्राप्त हुई है. (ख) जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ग) जानकारी प्रपत्र "ब" पर †संलग्न है.

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में उपलब्ध भूमिगत जल का अनुपात

21. (क्र. 359) **श्री जनकराम वर्मा** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत वर्ष मई 2010 की स्थिति में भूमिगत उपलब्ध जल का औसत (रेसिया) मीटर क्या था एवं नवम्बर 2017 की स्थिति में भूमिगत उपलब्ध जल का औसत (रेसिया) मीटर क्या है ? पृथक-पृथक जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" के अंतर्गत क्या जल की उपलब्धता पूर्व की अपेक्षा वर्तमान मे कम हुआ है ? यदि हां भूमिगत जल के स्तर को उपर उठाने के लिए शासन स्तर पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत माह मई 2010 की स्थिति में भूमिगत उपलब्ध जल का औसत भू-तल से 22.5 मीटर एवं नवम्बर 2017 की स्थिति में भूमिगत उपलब्ध जल का औसत भू-तल से 18 मीटर नीचे है. (ख) जी हां. पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में जल की उपलब्धता कम हुआ है. विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत भूमिगत जलस्तर को ऊपर उठाने हेतु भू-जल संवर्धन के कार्य किये जा रहे है.

बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर एवं आऊटडोर स्टेडियम निर्माण हेतु आवंटित एवं व्यय राशि

22. (क्र. 370) **श्री गुरुमुख सिंह होरा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अम्बेडकर वार्ड में बापू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम एवं आऊटडोर स्टेडियम में किन-किन कार्यों में कब-कब, कितनी-कितनी राशि का आवंटन प्राप्त हुआ और कितनी-कितनी राशि किस-किस कार्य में व्यय की गई है एवं कितने कार्य अपूर्ण है तथा कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जावेगा ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में क्रोक्रोडायल पार्क संरक्षित तालाब के भराव हेतु स्वीकृत राशि

23. (क्र. 373) **श्री चुन्नीलाल साहू** (अकलतरा) : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के क्रोक्रोडायल पार्क कोटमीसोनार में कर्रानाला से मुड़ातालाब (क्रोक्रोडायल संरक्षण तालाब) के भराव के लिये क्या कोई परियोजना तैयार की गई है ? यदि हां तो कितनी राशि की स्वीकृति दे दी गई है ? यदि नहीं तो क्यों ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : जी हॉ. राशि रुपये 12.00 लाख की स्वीकृति दे दी गई है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

क्रोक्रोडायल पार्क में पर्यटकों हेतु भ्रमण शुल्क

24. (क्र. 374) **श्री चुन्नीलाल साहू** (अकलतरा) : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के क्रोक्रोडायल पार्क कोटमीसोनार में पर्यटकों से पार्क भ्रमण शुल्क से नवंबर 2017 तक विभाग को कितनी राशि प्राप्त हुई है ? भ्रमण से प्राप्त शुल्क को किस प्रयोजन के लिये खर्च किया गया ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : क्रोक्रोडायल पार्क कोटमीसोनार मे पर्यटकों से पार्क भ्रमण शुल्क से नवंबर 2017 तक विभाग को राशि रुपये 33,42,281.00 प्राप्त हुई है. अभी तक प्राप्त राशि में से टिकट की छपाई हेतु राशि व्यय की गई है.

---

† परिशिष्ट "अड़तीस" †† परिशिष्ट "उन्तालीस"

जिला दुर्ग अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण वितरण

25. (क्र. 381) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला दुर्ग में वर्ष 2016-17 से अक्टूबर 2017 तक मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत् कितने बेरोजगारों को रोजगार हेतु शासन की गांरटी पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत् युवा बेरोजगारों को ऋण के लिये पात्रता चयन का मापदंड क्या है ? उक्त अवधि में कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए ? एवं कितने लंबित है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जिला दुर्ग में वर्ष 2016-17 में एवं वर्ष 2017-18 में अक्टूबर 2017 तक मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत् 21 बेरोजगारों को स्वरोजगार हेतु शासन की गारंटी पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया है. विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	विकासखण्ड	ऋण वितरण प्रकरण संख्या
1.	पाटन	03
2.	दुर्ग	16
3.	धमधा	02
	योग	**21**

(ख) (1) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत युवा बेरोजगारों को ऋण के लिये पात्रता चयन के मापदंड निम्नानुसार है :- 1. आवेदक छ. ग. राज्य का मूल निवासी हो. 2. आवेदक न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो. 3. आवेदक की आयु आवेदन दिनॉक को 18 से 35 वर्ष के मध्य हो. (अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला/नि:शक्तजन उद्यमी/नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य/सेवानिवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) 4. आवेदक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/वित्तीय संस्था/सहकारी बैंक का चूककर्ता नहीं हो. 5. एक परिवार से मात्र एक व्यक्ति ही आवेदन कर सकेगा अर्थात् इस योजना का लाभ एक परिवार में एक ही व्यक्ति को मिलेगा. 6. आवेदक के परिवार की वार्षिक आय रु. 3,00,000/- से अधिक नहीं हो (परिवार में आवेदक के पति/पत्नि एवं बच्चे सम्मिलित होंगे. आवेदक के अविवाहित होने की स्थिति में आवेदक के माता-पिता, अविवाहित भाई-बहन की आय भी सम्मिलित होगी.) 7. आवेदक जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का या भारत सरकार/राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अंतर्गत अनुदान का लाभ लिया हो पात्र नहीं होंगे. (2) उक्त अवधि में कुल 179 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें से टास्क फोर्स समिति द्वारा 122 प्रकरण अनुशंसित किये गये, जिसमें से 38 प्रकरणों में बैंको द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया, 49 प्रकरण बैंक द्वारा निरस्त किये गये एवं 35 प्रकरण बैंकों में स्वीकृति हेतु लंबित है.

जिला दुर्ग में छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास के दर्ज प्रकरण

26. (क्र. 382) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला दुर्ग में वर्ष 2016-2017 से अक्टूबर 2017 तक छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास संबंधित कितने प्रकरण दर्ज हुए हैं ? थानेवार जानकारी दें ? (ख) दर्ज प्रकरणों में क्या-क्या कार्यवाही हुई है ? (ग) प्रश्नांश ख अनुसार शासन द्वारा छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास के रोकथाम हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है.

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला दुर्ग में छेड़खानी के 492 प्रकरण तथा दुष्कर्म के प्रयास के 09 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. थानेवार जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) प्रश्नांश अवधि तक कुल दर्ज 501 प्रकरणों में से 455 प्रकरणों में आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय पेश किया गया है, 11 प्रकरणों में खात्मा भेजा गया है तथा 35 प्रकरण पुलिस विवेचना में लंबित है. (ग) छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास को रोकने हेतु महिला विरुद्ध अपराध अन्वेषण इकाई, महिला हेल्पलाईन 1091, महिला थाना तथा थाना स्तर पर महिला डेस्क की स्थापना की गई है. सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किये जा रहे हैं. इसके अतिरिक्त सभी थानों में पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा स्कूलों, कालेजों एवं निर्जन क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखी जा रहे है. शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता सेमीनार आयोजित कर, आत्मरक्षा संबंधी जानकारी भी दी जा रही है.

† परिशिष्ट "चालीस "

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों को प्रदत्त मुआवजा

27. (क्र. 386) **श्री रामलाल चौहान** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरायपाली विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2016-17 से 15-11-2017 तक की स्थिति में वाहन दुर्घटना से कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ? कितने लोग घायल हुये ? (ख) मृतक और घायल व्यक्ति के परिवार को कितना-कितना मुआवजा दिया गया ? कितने मृत और घायल व्यक्ति को परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया हैं ? कब तक मुआवजा दिया जावेगा ? थानावार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि तक सरायपाली विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वाहन दुर्घटना से 61 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 107 व्यक्ति घायल हुए है. (ख) सड़क दुर्घटना में कुल 61 मृत व्यक्तियों में से 28 मृतक के परिवार को 25 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से 7,00,000/- (सात लाख रुपये) मुआवजा दिया गया है. इसी प्रकार कुल 107 घायल व्यक्तियों में से 06 व्यक्तियों को 10 हजार प्रति व्यक्ति की दर से 60 हजार रुपये दिया गया है. 33 मृतक एवं 101 घायलों का तहसील न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण मुआवजा नहीं दिया गया है. समय सीमा बताना संभव नहीं है. थानावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मदिरा की दुकानें

28. (क्र. 389) **श्री रामलाल चौहान** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अप्रैल 2017 से देशी तथा विदेशी मदिरा की कितनी दुकानें संचालित है ? इन दुकानों से कितने लीटर शराब का विक्रय किया गया ? (ख) उपरोक्त विक्रय से शासन को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 04 देशी तथा 02 विदेशी मदिरा की दुकानें संचालित है. इन दुकानों से अप्रैल 2017 से नवम्बर 2017 तक शराब का विक्रय की जानकारी निम्नानुसार है :-

देशी मदिरा का विक्रय	विदेशी मदिरा का विक्रय	
(प्रूफ लीटर में)	स्प्रिट (प्रूफ लीटर में)	माल्ट (बल्क लीटर में)
198753	93521	32081

(ख) उपरोक्त विक्रय से शासन को रुपये 9,25,32,683/- की राजस्व प्राप्ति हुई है.

विधानसभा क्षेत्र कांकेर में संचालित मदिरा दुकानें एवं खपत

29. (क्र. 394) **श्री शंकर ध्रुवा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर विधान सभा क्षेत्र में किन-किन स्थानों पर देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें संचालित है ? संचालित मदिरा दुकानों का स्थल के चयन किस आधार पर किया गया है एवं मदिरा दुकान संचालित किए जाने हेतु स्थल चयन का क्या मापदण्ड हैं ? (ख) वर्ष 2016-17 से माह नवम्बर, 2017 तक कुल कितनी-कितनी मात्रा में देशी एवं विदेशी मदिरा की खपत हुई एवं उक्त का विगत तीन वर्षों में तुलनात्मक प्रतिशत का विवरण देवें ? (ग) क्या प्रश्नांश "क" की संचालित मदिरा दुकानों में आहता संचालन की भी अनुमति प्रदान की गई है ? यदि हां तो कितने में एवं आहता संचालन का कार्य किन-किन स्थानों पर किनके द्वारा किन-किन शर्तें के अधीन दिया गया है एवं उससे कितना राजस्व प्राप्त हुआ ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (श्री अमर अग्रवाल) : (क) कांकेर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 01 देशी एवं 01 विदेशी मदिरा दुकान कांकेर में एवं 01 विदेशी मदिरा दुकान नरहरपुर में संचालित है. संचालित मदिरा दुकानों के स्थल का चयन "छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2017" के तहत् सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया गया है. मदिरा दुकान संचालित किए जाने हेतु स्थल चयन का मापदण्ड सामान्य प्रयोग नियम के तहत् एवं माननीय उच्च न्यायालय के पारित आदेशानुसार आपत्ति रहित स्थल पर स्थापित किया गया है. (ख) वर्ष 2016-17 से माह नवम्बर, 2017 तक देशी एवं विदेशी मदिरा की खपत एवं उक्त का विगत तीन गत वर्षों में तुलनात्मक प्रतिशत का विवरण निम्नानुसार है :-

† परिशिष्ट "इक्तालीस"

वर्ष	खपत			प्रतिशत		
	देशी मदिरा (प्रू. ली.)	विदेशी मदिरा स्प्रिट (प्रू. ली.)	विदेशी मदिरा माल्ट (ब. ली.)	देशी मदिरा	विदेशी मदिरा स्प्रिट	विदेशी मदिरा माल्ट
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
2014-15	61992	388512	256488	21.98	22.17	16.92
2015-16	67023	396088	240891	8.12	1.95	-6.08
2016-17	63180	444691	314288	-5.73	12.27	30.46
2017-18 माह नवम्बर तक	77877	204425	119447	87.29 (माह नवम्बर 2016 की तुलना में)	-21.67 (माह नवम्बर 2016 की तुलना में)	-30.22 (माह नवम्बर 2016 की तुलना में)

(ग) हॉ, कांकेर विधान सभा क्षेत्र की संचालित कुल 03 मदिरा दुकानों में से 01 देशी एवं 01 विदेशी मदिरा दुकान कांकेर में आहता संचालित है तथा विदेशी मदिरा दुकान नरहरपुर में आहता संचालित नहीं है. आहता का संचालन मदिरा दुकानों के लिए आहता पॉलिसी वर्ष 2017-18 के तहत् छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है. अहाते का संचालन के लिए पृथक से कोई शुल्क निर्धारित नहीं की गई है.

जिला कांकेर में पेयजल व्यवस्था

30. (क्र. 395) **श्री शंकर ध्रुवा** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कांकेर जिले में वर्ष 2016-17 से माह नवम्बर, 2017 तक पेयजल समस्या की शिकायत प्राप्त हुई अथवा पेयजल समस्या संबंधी प्रकरण विभाग के संज्ञान में आया ? यदि हां तो विकासखंडवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" की अवधि में कुल कितने पेयजल के स्रोत किस-किस माध्यम के स्थापित किए गए एवं उक्त कार्यों में कितनी-कितनी राशि व्यय हुई ? वर्षवार जानकारी देवें ? (ग) प्रश्नांक "क" की अवधि में पूर्व से संचालित पेयजल व्यवस्थाओं के संधारण मद में कुल कितनी-कितनी राशि किस-किस पेयजल योजना में व्यय की गई ? विकासखंडवार जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री रामसेवक पैकरा) : (क) कांकेर जिले में वर्ष 2016-17 से माह नवम्बर 2017 तक पेयजल समस्या अंतर्गत हैण्डपंप संधारण, हैण्डपंप की मांग, नलजल योजना संधारण हेतु कुल 2805 की शिकायत व पेयजल समस्या संबंधी प्रकरण विभाग के संज्ञान में आए हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" की अवधि में कुल 303 पेयजल स्रोत, 349 नलकूप खनन कर स्थापित किये गये उक्त कार्य में व्यय की गई राशि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित अनुसार है. (ग) प्रश्नांश "क" अवधि में पूर्व से संचालित पेयजल व्यवस्थाओं के संधारण मद में कुल रु. 196.50 लाख की राशि विभिन्न पेयजल योजना में व्यय की गई. जिसकी विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शित अनुसार है.

प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण हेतु खरीदी

31. (क्र. 409) **श्री उमेश पटेल** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को निशुल्क चरण पादुका वितरण हेतु कुल कितनी संख्या में किन संस्था या सप्लायरों से चरण पादुका क्रय की गई ? वर्षवार चरण पादुका खरीदी की जानकारी दें ? (ख) विभाग द्वारा 2015-16 का चरण पादुका वर्ष 2017-18 तक प्राप्त नहीं होने की शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वन मंत्री (श्री महेश गागड़ा) : (क) प्रदेश के अंतर्गत लघु वनोपज संघ द्वारा वर्ष 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को निशुल्क चरण पादुका वितरण हेतु कुल 24,86,250 जोड़ी चरण पादुका निम्नानुसार संस्था या सप्लायरों से क्रय की गई. वर्षवार चरण

† परिशिष्ट "बयालीस"

पादुका खरीदी की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	वर्ष	संस्था या सप्लायर जहॉ से चरणपादुका क्रय की गई	क्रय चरणपादुका की संख्या
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ	2014-15	1. मेसर्स लिबर्टी शूज लि. करनाल, हरियाणा	3,98,029
		2. मेसर्स एम. बी. रबर प्रा. लि. शाहिबाबाद, गाजियाबाद	2,99,374
		3. मेसर्स सैमसन्स पॉलिमर्स प्रा. लि. शाहिबाबाद, गाजियाबाद	4,01,074
		4. मेसर्स बाटा इंडिया लि. गुडगांव, हरियाणा	79,096
		5. मेसर्स चरण पादुका इंडस्ट्रीज, प्रा. लि., बहादुरगढ़, हरियाणा.	75,169
		योग	**12,52,742**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ	2015-16	1. मेसर्स एक्जो फुटवियर प्रा. लि. सोनीपत, हरियाणा.	3,02,053
		2. मेसर्स लिबर्टी शूज लि. करनाल, हरियाणा	2,99,001
		3. मेसर्स बाटा इंडिया लि. गुडगांव, हरियाणा	2,13,633
		4. मेसर्स चरण पादुका इंडस्ट्रीज, प्रा. लि. बहादुरगढ़, हरियाणा	1,09,656
		5. मेसर्स अजय प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, ओल्ड रोहतक रोड दिल्ली	1,08,846
		6. मेसर्स एम. बी. रबर प्रा. लि., शाहिबाबाद, गाजियाबाद	2,003,319
		योग	**12,33,508**
	2016-17	कार्यवाही प्रगति पर है.	निरंक
		महायोग	**24,86,250**

(ख) प्रदेश में लघु वनोपज संघ अंतर्गत वर्ष 2015-16 का चरण पादुका प्राप्त कर वितरण समितियों द्वारा संग्राहकों को किया जा चुका है तथा इससे संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

आरंग विधानसभा क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु चिन्हांकित भूमि

